www.epaper.azadsipahi.in

12 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 350


आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक-दूसरे के पूरक हैं : बाबूलाल मरांडी




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# राजधानी के तीन बड़े बस टर्मिनल की बदलेगी तस्वीर

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया आधुनिक सुविधायुक्त बनाने का निर्देश
- तीन एकड़ में बनेगा रातू रोड का आइटीआइ बस स्टैंड
- सरकारी बस डिपो और खादगढ़ा स्टैंड को भी मिलेगा नया रूप
- तीनों को 48.72 करोड़ रुपये में विकसित किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के तीन बड़े बस टर्मिनल मॉडर्न बनाये जायेंगे। ये आइटीआइ बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल (खादगढ़ा) हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन बस टर्मिनलों को आधुनिक बनाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए काम तेज करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसके लिए कुल 48.72 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसमें आइटीआइ बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के लिए 3.76 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के जरिये जल्द काम शुरू कराने का निर्देश दिया है।

**आइटीआइ बस स्टैंड बनेगा सबसे आधुनिक :** करीब तीन एकड़ में बनने वाला नया आइटीआइ बस स्टैंड अब पूरी तरह से आधुनिक होगा। यहां ड्राइवरों के लिए कैंटीन, बसों की मरम्मत की जगह, सुरक्षा गार्ड रूम, साफ-सुथरा वेटिंग एरिया, कार, ऑटो और इ-रिक्शा पार्किंग जैसी सुविधाएं होंगी। पहले फ्लोर पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक दफ्तर, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर वाले गेस्ट रूम और हरियाली के लिए पेड़-पौधे की व्यवस्था होगी। यहां से रोजाना करीब 416 बसें चलेंगी।







### सरकारी बस डिपो का होगा कायाकल्प

पुराना सरकारी बस डिपो, जो 1962 से 1970 के बीच बना था, अब खराब हालत में है। इसे 20.19 करोड़ रुपये की लागत से दोबारा बनाया जायेगा। नये डिपो में गार्ड रूम, डॉरमेट्री, वेटिंग एरिया, फूड स्टॉल, बसों के लिए शेड, स्लाइडिंग गेट, कार और ऑटो पार्किंग की सुविधा होगी। यहां से हर दिन करीब 512 बसें चलेंगी।

### खादगढ़ा स्टैंड को नया रूप मिलेगा

बिरसा मुंडा बस टर्मिनल (खादगढ़ा) को 3.76 करोड़ रुपये की लागत से बेहतर बनाया जायेगा। यह टर्मिनल 11.6 एकड़ में फैला है, जहां 31 बस वे, 89 बसों और 70 कारों की पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड वाली डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानघर, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट और महिलाओं की सुरक्षा की खास व्यवस्था होगी।

### कायाकल्प के लिए जल्द निकलेगा टेंडर

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को जल्द टेंडर जारी कर निर्माण शुरू करने का आदेश दिया है। इन तीनों टर्मिनलों के तैयार होने के बाद रांची के बस स्टैंड राज्य के सबसे बेहतर और आधुनिक टर्मिनल बन जायेंगे, जहां यात्रियों को सुरक्षित, साफ-सुथरा और आरामदायक माहौल मिलेगा।

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किये: नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने 35 हजार करोड़ की कृषि योजनाओं की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ रुपये की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने 11,440 करोड़ रुपये की पीएम दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ रुपये की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किये।

**पिछली सरकारों ने पिछड़े जिलों को भुलाया :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।



### दूध के उत्पादन में भारत नंबर वन

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का उत्पादन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। पिछले 11 सालों में देश में छह बड़े फर्टीलाइजर प्लांट बनाये गये। किसानों को 2.5 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बांटे। माइक्रो-इरीगेशन की सुविधा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंची। पीएम फसल बीमा योजना से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के क्लेम मिले।

### 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ का गठन

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 साल में 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ का गठन किया गया। इन वर्षों में देश के किसानों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज देश का स्वभाव ऐसा हो गया है कि सिर्फ कुछ उपलब्धियों से संतुष्टि नहीं होती। यदि हम विकसित बनना चाहते हैं, तो हमें हर क्षेत्र में लगातार सुधार करना होगा। पीएम धन-धान्य कृषि योजना इसी सोच का परिणाम है।


हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कोलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एम्स), एम.डी. (पीएमसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365


# भोजपुरी स्टार पवन सिंह नहीं लड़ेंगे चुनाव

बोले, भाजपा का सच्चा सिपाही हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा और संगीत के सुपरस्टार पवन सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस बार चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं पवन सिंह अपने भोजपुरीया समाज से बताना चाहता हूं कि मैं बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में शामिल नहीं हुआ था। मुझे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना है। मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं और रहूंगा।

पवन सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक रणनीतिकार और जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर से शेखपुरा स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर ज्योति ने साफ किया कि उनका कोई चुनावी मकसद नहीं है। ज्योति सिंह ने कहा कि मैं किसी चुनाव में भाग लेने या टिकट के लिए नहीं आयी हूं। मेरे साथ जिस तरह का अन्याय हुआ है, वह किसी और महिला के साथ न हो। मैं उन सभी महिलाओं की आवाज बनना चाहती हूं जो अन्याय का सामना कर रही हैं। बताते चलें कि पवन सिंह पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुए थे। इसके बाद से उनके चुनाव लड़ने की चर्चा हो रही थी। माना जा रहा है कि अपनी पत्नी के प्रशांत किशोर से मुलाकात और राजनीति में आने की चर्चा की वजह से वह बैकफुट पर आ गये हैं।




SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815





# दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

- तीन लोगों ने रास्ता रोका, दरिंदगी की
- साथ में दोस्त था, वह छोड़कर भाग गया
- ओड़िशा के जलेश्वर की रहने वाली है छात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ शुक्रवार रात को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ रात में खाने पर गयी थी। वापस लौटते समय तीन लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओड़िशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में सेकेंड इयर की छात्रा है। छात्रा का इलाज पास के एक अस्पताल में चल रहा है।

**रात करीब 10 बजे हुई घटना:** घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गयी थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गयी। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे। उनकी शिकायत पर दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घटना पर छात्रा के पिता ने कहा कि मैंने सुना था कि कॉलेज अच्छा है, इसलिए अपनी बेटी को यहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए भेजा था। कभी नहीं सोचा था कि उसके साथ ऐसा कुछ होगा। यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।






### दोस्तों से की गयी पूछताछ

पुलिस ने बताया कि पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गयी है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फोरेंसिक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। अभी तक मामले में किसी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हुई है। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों से भी पूछताछ हो रही है।

### पुलिस ने छात्रा का बयान किया दर्ज

पुलिस के मुताबिक छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने रास्ता रोका, तो उसका दोस्त अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया। उसे जंगल में ले गये, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है।


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY
KIIT Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
KIIT is only 28 years old as an institute (1997 – 2025) and 22 years old as a university.
Organisation in Special Consultative Status with the United Nations Economic & Social Council (UN-ECOSOC)
THE World University Rankings 2026
KIIT placed globally in the Top 501 Cohort
Ranked 259th Globally in Academic Excellence
5th Best in India
Top Performer in India in Three Parameters
Industry Integration
International Outlook
Social Commitment
Strong alignment with SDG goals 4, 10 & 16
KIIT's Rank Over the Years


TIMES HIGHER EDUCATION SUMMARY STATEMENT
"KIIT's performance in THE (Times Higher Education) World University Rankings 2026 reflects a decade of transformation from Local Excellence to Global Excellence. The institution has demonstrated that a socially inclusive university from Odisha can compete with the world's finest through innovation, compassion, and quality education."
"Every state aspires to have an institution ranked among the top 500 globally. I am happy that KIIT, a 28-year-old institution (established in 1997) and a Deemed to be University for 22 years (declared in 2004), has been placed among the premier institutions and universities of the world in the 501 cohort. This accomplishment is a matter of pride for Odisha in particular, and for India as a whole."
Achyuta Samanta (Founder-KIIT,KISS & KIMS)
OTHER RANKINGS
17th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India — nirf 2025
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years
1st in Odisha, 9th in India Among private universities — QS World University Rankings 2026
ABET (US) Accreditation — IET The Institution of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC — Partnership with UN Volunteers
KIIT-DU, Patia, Bhubaneswar, Odisha, India 751024 kiit@kiit.ac.in www.kiit.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# वेंटिलेटर पर है गुमला की एंबुलेंस व्यवस्था

## ■ जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों तक में यही है हाल
## ■ कहीं वाहन की कमी, तो कहीं चालक की तैनाती नहीं
## ■ वाहन हैं भी तो रख-रखाव के अभाव में बेकार पड़े हैं
## ■ नियमावली के मकड़जाल में उलझ कर बेकार हो जाता है गंभीर मरीजों का 'गोल्डन आवर'

**आजाद सिपाही विशेष**

**दो दिन पहले गुमला की एक महिला की एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण मौत की खबर प्रकाशित होने के बाद से ही जिले की एंबुलेंस व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गयी है। प्रशासनिक तौर पर एंबुलेंस संचालक एजेंसी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर मामले की लीपा-पोती की कोशिश तो की गयी है, लेकिन यह कोशिश जिले की एंबुलेंस व्यवस्था की बदहाल अवस्था को दुनिया की नजरों से बचा पाने में असफल साबित हुई है। किसी भी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जानेवाली एंबुलेंस सेवा की स्थिति वैसे तो पूरे झारखंड में लगभग एक जैसी है, लेकिन गुमला जिले में यह व्यवस्था आइसीयू में ही नहीं, वेंटिलेटर पर पहुंच गयी है। चाहे वह सरकारी 108 एंबुलेंस सेवा हो या फिर अस्पताल प्रबंध समिति की व्यवस्था, आम लोगों को हर जगह से अक्सर निराशा ही हाथ लगती है। गुमला जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों तक में एंबुलेंस व्यवस्था की लगभग यही स्थिति है। क्या है गुमला जिले की एंबुलेंस व्यवस्था और क्या हो रहा है इसका परिणाम, बता रहे हैं आजाद सिपाही के गुमला ब्यूरो प्रमुख आफताब अंजुम।**

किसी भी स्वास्थ्य सेवा में जहां डॉक्टरों और पारा मेडिकल कर्मियों की अहम भूमिका होती है, वहीं मरीजों को उन तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने के लिए सबसे सुदृढ़ व्यवस्था एंबुलेंस की मानी जाती है, लेकिन अक्सर इसके महत्व को नजरअंदाज कर दिया जाता है। गुमला जिले में तो एंबुलेंस की सरकारी व्यवस्था बीमार ही नहीं, वेंटिलेटर पर है। ऐसे में मरीजों का जीवन बचाना तो दूर, जीवन बचाने की कल्पना भी बेमानी है। यूं तो झारखंड के सभी जिलों में एंबुलेंस सेवा की स्थिति संतोषजनक नहीं है, लेकिन गुमला जिले की एंबुलेंस सेवा पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है।

### जिला मुख्यालय और 12 प्रखंडों में 17 एंबुलेंस

गुमला के सिविल सर्जन की रिपोर्ट बताती है कि 12 प्रखंडों और जिला मुख्यालय को मिलाकर मात्र 17 एंबुलेंस सिविल सर्जन की देखरेख में संचालित हैं। 108 एंबुलेंस सेवा को संचालित करने का जिम्मा सम्मान फाउंडेशन नामक एजेंसी को दिया गया है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि इन 17 में भी दो एंबुलेंस कार्यशील नहीं हैं। यानी 108 कॉल सेंटर से मात्र 15 एंबुलेंस को नियंत्रित किया जा रहा है। इन 15 एंबुलेंस को भी सही ढंग से संचालित करने में यह एजेंसी पूरी तरह फेल साबित हो रही है।

### सदर अस्पताल में 10 सरकारी और नौ निजी एंबुलेंस

जिला मुख्यालय में सरकारी चिकित्सकीय सुविधा के नाम पर सदर अस्पताल एकमात्र सहारा है। अस्पताल उपाधीक्षक के अनुसार अस्पताल संचालन समिति के पास कुल 15 एंबुलेंस हैं, जिनमें छह सरकारी और नौ निजी हैं। साथ ही चार एंबुलेंस 108 भी हैं। इन चार में से दो को घाघरा भेजा गया है।

### रायडीह में दो में से एक एंबुलेंस ही है चालू

जिला मुख्यालय के सबसे निकटतम प्रखंड रायडीह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां दो एंबुलेंस तैनात हैं, लेकिन एक ही चालू हालत में है। दूसरा वाहन खराब पड़ा है। चिकित्सा प्रभारी के अनुसार दीपावली तक खराब एंबुलेंस को ठीक करा लिये जाने की उम्मीद है।

### पालकोट में राम भरोसे है एंबुलेंस व्यवस्था

पालकोट के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में एंबुलेंस व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। स्वास्थ्य केंद्र में दो एंबुलेंस उपलब्ध थी।




इनमें एक 108 सेवा की और दूसरी अस्पताल संचालन समिति की है। एक माह पूर्व अंबेराडीह में हुई सड़क दुर्घटना में एक एंबुलेंस शामिल थी, जिसे पालकोट थाना में जब्त कर लिया गया है। बाकी एकमात्र एंबुलेंस की हालत बेहद जर्जर है। यह वाहन लगभग 22 वर्ष पुराना है। इसलिए पालकोट से यदि किसी मरीज को दूसरी जगह रेफर किया जाता है, तो परिजनों को निजी व्यवस्था करनी होती है।

### बसिया में तीन में से एक एंबुलेंस खराब

बसिया के रेफरल अस्पताल में कुल तीन एंबुलेंस हैं, जिनमें दो 108 के अंतर्गत संचालित हैं, जबकि एक अन्य अस्पताल संचालन समिति का है। 108 सेवा की एंबुलेंस ठीक है, लेकिन अस्पताल संचालन समिति की एंबुलेंस की हालत जर्जर है।

### जारी में नहीं है एक भी एंबुलेंस

जिला मुख्यालय के सबसे दूरस्थ प्रखंडों में से एक अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड में एक भी एंबुलेंस नहीं है। परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बना यह प्रखंड अब भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेल रहा है, लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था तो पूरी तरह गायब है।

### दिखाने के लिए है कामडारा अस्पताल की एंबुलेंस

कामडारा अस्पताल में दो एंबुलेंस है। इनमें एक 108 सेवा की है और दूसरी अस्पताल प्रबंध समिति की। दोनों एंबुलेंस की स्थिति खराब है। यहां के लोग बताते हैं कि दोनों एंबुलेंस केवल दिखाने के लिए है।

### बिशुनपुर में दो एंबुलेंस से नहीं चलता है काम

बिशनपुर में दो एंबुलेंस है। इनमें एक 108 की और एक अस्पताल प्रबंध समिति की। दोनों चालू हालत में हैं, लेकिन इतने बड़े प्रखंड में कम से कम दो और एंबुलेंस की आवश्यकता है। एंबुलेंस नहीं होने के कारण आये दिन मरीजों को निजी वाहनों से सदर अस्पताल तक पहुंचाया जाता है।

### घाघरा सीएचसी में एंबुलेंस है, लेकिन चालक नहीं

घाघरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अलग कहानी है। सीएचसी घाघरा में एंबुलेंस तो पांच हैं, लेकिन चालक के अभाव और रख-रखाव की कमी से इनका इस्तेमाल नहीं के बराबर होता है। चिकित्सा प्रभारी डॉ एके एक्का ने बताया कि 108 सेवा के अंतर्गत तीन एंबुलेंस हैं, जो नियमित रूप से मरीजों की सेवा में लगी हुई हैं। शेष पांच की हालत बेहद खराब है। विकास भारती बिशनपुर द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस फिलहाल सेवा दे रही है, लेकिन सांसद मद से मिली एंबुलेंस मरम्मत के अभाव में खड़ी है। इसी तरह सरकारी गाड़ी सहित अन्य दो एंबुलेंस भी मरम्मत नहीं होने के कारण बेकार पड़ी हैं। एक और समस्या चालक की कमी है। संस्थाओं से एंबुलेंस तो अस्पताल को मिली हैं, परंतु चालक की व्यवस्था नहीं है। नतीजतन एंबुलेंस होते हुए भी मरीजों को समय पर उसकी सेवा उपलब्ध नहीं हो पाती।

### सिसई में आये दिन लगा रहता है एंबुलेंस का टोटा

सिसई के रेफरल अस्पताल में अस्पताल प्रबंध समिति की एक और दो 108 एंबुलेंस हैं। निजी एंबुलेंस एक भी नहीं है। सीएचसी के पास तीन एंबुलेंस होने के बावजूद सिसई वासी बताते हैं कि आये दिन एंबुलेंस का टोटा लगा रहता है।

### भरनो में है एक एंबुलेंस 108

भरनो प्रखंड के चक में एक एंबुलेंस 108 मिलने की सूचना है। इसके सहारे मरीजों की सेवा की जाती है।

### 108 सेवा की नियमावली भी है बड़ी बाधा

एंबुलेंस की 108 सेवा के परिचालन के लिए बनायी गयी नियमावली भी बड़ी बाधा साबित हो रही है। एंबुलेंस 108 के कॉल सेंटर द्वारा बरती गयी लापरवाही अलग मुद्दा है, लेकिन इस एंबुलेंस के संचालन के लिए बनायी गयी नियमावली भी कम नुकसानदेह नहीं है। इस सेवा की नियमावली कहती है कि प्रखंडों से मरीजों को पहले जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में ले जाना है। उसके बाद यदि मरीज को रांची रेफर किया जाये, तो जिला मुख्यालय की एंबुलेंस को ही वहां तक जाने का नियम है। कई ऐसे प्रखंड हैं, जहां से जिला मुख्यालय की दूरी रांची की अपेक्षा अधिक है।

ऐसे में मरीज को पहले जिला मुख्यालय और फिर रांची तक ले जाने के लिए अतिरिक्त समय लगता है। इसके कारण ईंधन भी अधिक खर्च होता है और अतिरिक्त समय भी लगता है। नियमावली की इस जटिलता के कारण न तो एंबुलेंस चालक कुछ कर पाते हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। इसका परिणाम यह होता है कि गंभीर अवस्था के मरीज का 'गोल्डन आवर' बेकार चला जाता है।

# बिहार में भाजपा ने की 'कारपेट बांबिंग' की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 2025 के विधानसभा चुनावों को सीट शेयरिंग लगभग फाइनल स्टेज में है। इस बीच भाजपा 'कारपेट बांबिंग' की तैयारी पूरी हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी अंतिम तैयारियों को धार देते हुए स्टार प्रचारकों की बड़ी लिस्ट तैयार कर रखी है। ये विशाल चुनावी प्रचार रणनीति का हिस्सा है, जिसे आमतौर पर भाजपा के रणनीतिकार 'कारपेट बांबिंग' नाम देते हैं। वॉर रूप से इसकी स्ट्रैटजी फाइनल की जाती है। इस रणनीति का उद्देश्य राज्य के हर कोने तक पार्टी के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होता है। इस अभियान के तहत बिहार में भाजपा अपनी ताकतवर टीम उतारने जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख नेता शामिल होते हैं, जो चुनावी माहौल को गरमाने के लिए जोर-शोर से प्रचार करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि भाजपा की इस 'कारपेट बांबिंग' के सामने सत्ता के दूसरे दावेदार तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर कैसे टिकेंगे।

### 'कारपेट बांबिंग' के ब्रांड एंबेसडर पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के लिए बिहार में सबसे बड़े स्टार प्रचारक होंगे। पीएम मोदी यहां कई सभाएं और रैलियां करेंगे। 'कारपेट बांबिंग' अभियान के तहत वह बिहार में एक दर्जन से ज्यादा सभाओं को संबोधित करने के अलावा पटना में कई रोड शो भी कर सकते हैं। पीएम मोदी के बाद जिस नेता की बिहार में सबसे ज्यादा मांग है, वह हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की बिहार में 20 रैलियां प्रस्तावित हैं। 20 अक्टूबर के बाद वह कभी भी बिहार में चुनाव प्रचार के लिए उतर सकते हैं। बिहार में 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होना है। दिल्ली चुनाव सहित जब से उन्होंने यूपी की कमान संभाली है, वह भाजपा के प्रमुख स्टार कैंपेनर की भूमिका निभा रहे हैं। सीएम योगी की सभाएं खासतौर पर सीमावर्ती मुस्लिम बहुल इलाकों में होने की संभावना है।



### मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक का तूफानी दौरा

भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अमित शाह बिहार में सीट बंटवारे के तुरंत बाद प्रचार की शुरुआत करेंगे। दोनों मंत्री भाजपा के विकास मॉडल को लेकर कैंपेनिंग करते दिखाई देंगे। इसके अलावा शिवराज सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह शेखावत और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बिहार में रैलियां करेंगे। इस बार भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए केवल योगी आदित्यनाथ ही नहीं, बल्कि कई अन्य मुख्यमंत्रियों को भी मैदान में उतारा है। कैंपेनिंग करने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव शामिल हैं। इनके अलावा, राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी और यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी प्रचार करेंगे।

### बिहार के बैटल में बॉलीवुड के साथ भोजपुरी सितारे भी

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति को और अधिक पावरफुल बनाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर भी बड़ी तैयारी की है। उत्तर प्रदेश के 100 से अधिक विधायकों और विधान पार्षदों को विशिष्ट विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह को लगभग 40 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है, जहां वे चुनावी रणनीति और प्रबंधन का समुचित संचालन करेंगे। वहीं, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को भोजपुर जिले का प्रभारी बनाया गया है, जो वहां पार्टी के प्रचार और संगठन को मजबूत करेंगे। नेताओं-मंत्रियों के अलावा, भोजपुरी सितारे भी इस चुनावी समर उतारे जायेंगे। सांसद और भोजपुरी सिंगर मनोज तिवारी, सांसद और अभिनेता रवि किशन और बॉलीवुड स्टार हेमा मालिनी भी बिहार में 17 और 18 अक्टूबर को रोड शो और जनसभाएं करेंगी, जिससे मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके।

# मांझी ने दिखाये तेवर, हमारे पास भी विकल्प हैं



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने भाजपा के साथ हुई सीट बंटवारे की बैठक के बाद अपनी स्पष्ट रणनीति दिखायी। मीडिया से बातचीत में हम नेता राजेश पांडेय ने कहा कि हमने अपनी बात रख दी है। बातचीत जारी रहेगी, लेकिन हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। राजेश पांडेय ने कहा कि हम पार्टी राजनीतिक फैसलों में लचीलापन रखती है। उन्होंने स्पष्ट कहा, राजनीति में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता। विकल्प हमेशा खुले रहते हैं और हम अपनी स्थिति के प्रति दृढ़ हैं। राजेश पांडेय ने यह भी बताया कि उनकी पार्टी ने भाजपा नेतृत्व को अपनी मांग और विचारधारा से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि बैठक सकारात्मक रही और जल्द ही इसके परिणाम सामने आयेंगे। हम पार्टी ने अपने रणनीति से यह संकेत दे दिया है कि पार्टी चुनावी तालमेल में अपनी मजबूती दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही यह भी इशारा किया है कि उनके पास विकल्प खुले हुए हैं।

# गरजे ओवैसी, खुद तय करेंगे रास्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले असदुद्दीन ओवैसी ने सीमांचल की बदहाली, मतदाता सूची से लाखों नाम हटाने और मुसलमानों के नेतृत्व के अभाव पर बड़ा बयान दिया। अपने बयान में ओवैसी ने कहा कि सीमांचल अब चुप नहीं रहेगा। अपने हालिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि बिहार के मुसलमानों के पास कोई सियासी लीडर नहीं है। एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी की सियासी यात्रा बिहार के सीमांचल से शुरू हुई थी और अब इस इलाके को न्याय मिलना जरूरी है। ओवैसी ने कहा, सीमांचल अब भी पिछड़ा हुआ इलाका है। इंसानी तरक्की के जो पैमाने हैं, वहां की हालत बेहद खराब है। बिहार में कुप्रशासन और भ्रष्टाचार हद से ज्यादा है और सबसे बड़ी बात यह है कि बिहार के 19 फीसदी मुसलमानों के पास कोई सियासी नेतृत्व नहीं है। ओवैसी ने कहा कि बिहार के हर वर्ग और जाति का कोई न कोई नेता है, मगर मुसलमानों की आवाज बुलंद करने वाला कोई नहीं। उन्होंने दावा किया कि एआइएमआइएम इस कमी को पूरा करेगी और सीमांचल के साथ पूरे बिहार में नयी सियासी सोच लेकर



उतरेगी। ओवैसी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया पर भी चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खड़े किये। उन्होंने बताया, हमारे प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान सुप्रीम कोर्ट तक गये हैं, क्योंकि करीब 6.5 लाख नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये। अब चुनाव आयोग ने और 3.5 लाख नाम काट दिये हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर नाम हटाने से वोटिंग के दिन भारी विवाद हो सकता है। ओवैसी ने सवाल उठाया कि जब किसी मतदाता के घर दो-तीन बार जाकर उसे न मिलने पर बीएलओ विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत रिपोर्ट भेज देंगे, तो ये कैसे सही है? नागरिकता की जांच चुनाव आयोग का काम नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय का है।

महागठबंधन के साथ गठजोड़ न करने पर पूछे गए सवाल पर ओवैसी ने कहा कि वे किसी से नाराज नहीं हैं, बल्कि अपनी पार्टी की राह खुद तय करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 20.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



# 'मेरे नन्हे कदम' के कांके ब्रांच का भव्य उद्घाटन

## ■ केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ

## ■ 'नन्हे कदम' के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों को मिल रहा संस्कार: संजय सेठ

## ■ झारखंड के प्री प्राइमरी एजुकेशन को उत्कृष्ट बनाना ही लक्ष्य: विभा सिंह

जूही सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और सांसद संजय सेठ ने शनिवार 11 तारीख को 'मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल' की नयी कांके ब्रांच का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्कूल की खूब सराहना की। उन्होंने स्कूल की निदेशक और संस्थापक विभा सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नन्हे कदम स्कूल बहुत बड़ा बैनर है। यह छोटे-छोटे बच्चों में संस्कार को गढ़ रहा है। आज हर परिवार चाहता है कि उसका बच्चा संस्कारी और अनुशासित हो। नन्हे कदम उसमें कदम से कदम मिला कर चल रहा है। देश के भविष्य को गढ़ने का काम कर रहा है।

संजय सेठ ने कहा कि मैं चाहता हूं कि नन्हे कदम का कांके ब्रांच भी वैसी ही सफलता हासिल करे, जैसा पहले की तीनों शाखाओं ने हासिल किया है। उन्होंने कहा कि नन्हे कदम रातू रोड में भी ब्रांच खोले। यह समय की मांग है, क्योंकि 'मेरे नन्हे कदम' स्कूल शिक्षा और बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए बेहतर कार्य कर रहा है।





### सभी शाखाओं में डे केयर की भी सुविधा, खान-पान भी उच्च कोटि का

विभा सिंह का कहना है कि हर शाखा में सुविधाएं एक जैसी ही हैं। हर ब्रांच में जो क्लास हैं प्री प्राइमरी की, वह है टोडलर, प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकजी और यूकेजी। सभी क्लास के लिए डे केयर की भी सुविधा है। डे केयर में हम सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बच्चों को रखते हैं। पढाई सुबह 9 बजे से लेकर एक बजे तक होती है। उसके बाद डे केयर वाले बच्चे थोड़ा आराम भी करते हैं। जब वे सोकर उठते हैं, तो उन्हें भोजन दिया जाता है और शाम का स्नैक्स भी दिया जाता है। उसके बाद वे घर जाते हैं। इससे फायदा यह होता है कि जिनके माता-पिता दोनों वर्किंग हैं, उनको ध्यान में रखते हुए हमने यह नयी पहल की है कि मेरे नन्हे कदम के सभी शाखाओं में डे केयर की भी सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां कमर्शियल किचन है, बच्चों के खान-पान को लेकर, जो भी सावधानी बरतनी चाहिए, उसे हम बरतते हैं। खाने में हमारा फोकस हाइजीन पर होता है, स्वादिष्ट और क्वालिटी फूड पर होता है।

### क्वालिटी ऑफ एजुकेशन पर फोकस

मेरे नन्हे कदम शिक्षिका से लेकर प्रिंसिपल तक का चयन कई बिंदुओं को देखकर और परख कर करता है। बकौल विभा सिंह, हमारी सभी शाखाओं में शिक्षा का स्तर काफी उत्कृष्ट है। उसी प्रकार से कांके ब्रांच में भी उसी को बरकरार रखना है। तीनों शाखाएं 'क्वालिटी ऑफ एजुकेशन' और 'एक्सीलेंस इन चाइल्ड केयर' को प्राथमिकता देती हैं, वैसे ही नयी शाखा भी समान रूप से संचालित होगी। स्कूल की तीन शाखाएं सफलतापूर्वक बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्यरत हैं। ये लाइन टैंक रोड, अशोक नगर (ए-376) और रामगढ़ (बिजुलिया) में स्थित हैं। वहीं नन्हे कदम का नया ब्रांच कांके रोड, न्यू लेक एवेन्यू, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के पास स्थित है। स्कूल का फोन नंबर 9153971354 है। इन सभी जगहों पर स्कूल का उद्देश्य बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के स्तर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्रदान करना है। स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसलिए स्विमिंग, डांस, स्टेज परफॉरमेंस, पब्लिक स्पीकिंग और एक्टिविटी बेस्ड एजुकेशन के द्वारा बच्चों की पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दिया जाता है।

### मेरे नन्हे कदम यानि उच्च कोटि की शिक्षा बच्चों का संपूर्ण विकास और सुरक्षा: विभा सिंह



स्कूल की निदेशक और संस्थापक विभा सिंह का बच्चों के प्रति लगाव इसी से समझा जा सकता है कि वह अपने स्कूल के सभी बच्चों का ख्याल अपने सगे बच्चों जैसा रखती हैं। वह किसी भी बच्चे में फर्क नहीं करतीं। मेरे नन्हे कदम एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। विभा सिंह का कहना है कि मेरे नन्हे कदम को खोलने का उद्देश्य था कि हम झारखंड के प्री प्राइमरी एजुकेशन को उत्कृष्ट बनायें। दो साल से छह साल के बच्चों में सबसे ज्यादा आवशयकता होती है कि उन्हें सही दिशा में शिक्षा मिले और संपूर्ण विकास हो। मेरे नन्हे कदम पिछले 12 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। विभा सिंह का कहना है कि उनकी यह कोशिश होती है कि जो भी नया डेवलपमेंट प्री प्राइमरी एजुकेशन के लिए जरूरी है, हम उसे अपनी शिक्षा और बच्चों के संपूर्ण विकास प्रणाली में उसे शामिल करते हैं। उनका कहना है कि कांके ब्रांच भी उसी सफलता की कहानी को गढ़ेगा।

# आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक-दूसरे के पूरक हैं : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को स्वदेशी अभियान का लोकार्पण किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और हर घर स्वदेशी का संदेश फैलाने का आह्वान किया। बाबूलाल मरांडी ने लोगों से आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, मोबाइल, खिलौना, टेक्सटाइल, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और युवा पीढ़ी से स्वदेशी भाव अपनाकर देश को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर और स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर भारत का प्रत्येक नागरिक भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा योगदान दे सकता है। मरांडी ने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली और वैभवशाली रहा है। 125 ईसा पूर्व मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) में भारत का योगदान 33 प्रतिशत था। 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4 प्रतिशत जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था। लेकिन गुलामी की लूट-खसोट ने 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था में भारत के जीडीपी की भागीदारी 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 1947 में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत सबसे गरीब देशों की श्रेणी में 136वें स्थान पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक और सरदार पटेल जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया। भारत की आजादी में स्वदेशी अभियान का बड़ा योगदान रहा, लेकिन 60 वर्षों के शासन में कांग्रेस पार्टी ने स्वदेशी आंदोलन को बल नहीं दिया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया है, जिसे देश की 140 करोड़ जनता के सहयोग से साकार करना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ब्रिटेन को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है, जिसे तीसरे स्थान पर पहुंचाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। आज भारत में मेक इन इंडिया के तहत 667 अरब डॉलर का निवेश आया है। भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल मेड इन इंडिया हैं। 2025 में भारत का मोबाइल निर्यात 1500 करोड़ से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। खिलौने का निर्यात 239 प्रतिशत बढ़ गया। आज भारत 153 देशों को खिलौना निर्यात कर रहा है। ट्रैक्टर निर्माण में भारत पहले स्थान पर,बस निर्माण में दूसरे और हैवी ट्रक निर्माण में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल क्षेत्र में भारत विश्व का छठा बड़ा निर्यातक बन गया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ी है। आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है। भारत 200 देशों को दवाई निर्यात कर रहा। आज भारत में 98 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जो 2014 में केवल 25 करोड़ था। देश में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की क्षमता लगातार बढ़ रही है। सौर ऊर्जा में भारत विश्व के तीसरे और पवन ऊर्जा के चौथे स्थान पर है। उन्होंने आगामी दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के साथ दैनिक घरेलू उपयोग की वस्तुओं को खरीदने में भारत निर्मित सामग्री को ही खरीदने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी, अभियान के प्रदेश संयोजक और पार्टी महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने स्वदेशी अभियान का स्टीकर,पोस्टर, पम्पलेट, नोट पैड और संकल्प पत्र का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह उपस्थित थे।

# झामुमो स्वतंत्र राजनीतिक दल होने के नाते फॉर्म ए और बी भर कर चुनाव लड़ने में सक्षम है : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा किया। भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो बिहार में चुनावी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है और पार्टी महागठबंधन के साथ ही चुनाव मैदान में उतरेगी। भट्टाचार्य ने कहा कि जनता ने तय कर लिया है कि वे एनडीए की सरकार को हटाकर महागठबंधन को सत्ता में लाना चाहते हैं। उन्होंने झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शुरू हुए कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के लोग भी झारखंड जैसी विकास दर और जीवन स्तर चाहते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झामुमो का बिहार के साथ सिर्फ बेटी-रोटी का रिश्ता नहीं बल्कि बड़े भाई-छोटे भाई जैसा है। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि झारखंड में आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को जिस तरह 20 वर्षों में राजनीतिक दबाव और असमानता का सामना करना पड़ा, उसी प्रकार की स्थिति बिहार में भी है। इसलिए झामुमो वहां चुनावी संघर्ष में उतर रहा है। उन्होंने महागठबंधन में सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि राज्य में राजद, कांग्रेस और माले को सम्मानजनक हिस्सेदारी दी गयी है। 2019 में आरजेडी को 7 सीटें दी गयी, जिसमें केवल एक जीत हासिल हुई थी और उस प्रतिनिधि को पूरे पांच वर्ष मंत्री बनाये रखा गया। इस बार भी झामुमो ने 5 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 6 सीटें राजद को दी हैं। भट्टाचार्य ने बताया कि झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक 15 तारीख को हो रही है, जिसके बाद सीटों पर अंतिम फैसला होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि झामुमो स्वतंत्र राजनीतिक दल होने के नाते फॉर्म ए और फॉर्म बी भरकर चुनाव लड़ने में सक्षम है और भाजपा के खिलाफ मजबूती से मैदान में उतरेगी। भट्टाचार्य ने कहा कि कई सीटों पर पार्टी के नेता-कार्यकर्ता प्रचार नहीं करेंगे, जिससे महागठबंधन को नुकसान हो सकता है। इसलिए घाटशिला समेत अन्य महत्वपूर्ण सीटों पर पार्टी की रणनीति तय की जायेगी और पूरी मजबूती से चुनाव लड़ा जायेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी समझौते सम्मानजनक होंगे और उसी के तहत झामुमो चुनाव में हिस्सेदारी निभायेगा।

# सरदार @150 यूनिटी मार्च आज, राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे रवाना

## सरदार@150 युवाओं को भारत की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के मूल्यों से जोड़ने का माध्यम बनेंगे: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सरदार@150 कार्यक्रम को लेकर शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय, अरगोड़ा चौक रांची में पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान मंत्री ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और इसमें झारखंड सहित देशभर के युवाओं की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की।

रांची ने विकसित भारत 2047 के थीम के साथ स्वदेशी के संकल्प को दृढ़ता प्रदान करने से आयोजित होनेवाले मैराथन रविवार को मोरहाबादी मैदान में सुबह 6:30 बजे से आयोजित है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान और स्वदेशी अपनाने के अभियान को इस मैराथन के माध्यम से घर घर तक पहुंचाने की योजना है। मोरहाबादी मैदान में होने वाले इस मैराथन को राज्यपाल संतोष गंगवार रवाना करेंगे। इस अवसर पर कारगिल के बलिदानी योद्धा विजयंत थापरजी के माता पिता की भी गरिमामय उपस्थिति रहेगी। मोरहाबादी मैदान से शुरू होने वाला यह मैराथन के दौरान झारखंड की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी। खेल प्रेमी, रांची के नागरिक, स्कूली बच्चे सहित शहर के सभी वर्गों के 25 हजार लोग शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय अभियान का लक्ष्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सरदार पटेल के जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देना है। 6 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने सरदार @150 यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम देशभर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जोड़ना है। अभियान का डिजिटल चरण, माय भारत पोर्टल पर आरंभ हुआ है। इसमें सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार @150 यंग लीडर्स प्रोग्राम जैसी गतिविधियां शामिल हैं। चयनित युवाओं को आगे राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक देश के सभी जिलों में 8-10 किलोमीटर लंबी जिला स्तरीय पदयात्राएं आयोजित की जायेंगी।

### स्कूलों और कॉलेजों में होनेवाले कार्यक्रम

इस दौरान स्कूल और कॉलेजों में वाद-विवाद, निबंध, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन आयोजनों में युवाओं को नशामुक्त भारत और स्वच्छता अभियान से जोड़ने पर भी बल दिया जायेगा। पदयात्राओं के दौरान सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी और आत्मनिर्भर भारत शपथ दिलायी जायेगी। मंत्री सेठ ने कहा कि सरदार@150 जैसे अभियान युवाओं को भारत की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के मूल्यों से जोड़ने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने झारखंड के युवाओं से इसमें अधिक से अधिक भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर माय भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी, वरिष्ठ भाजपा नेता बालमुकुंद सहाय, प्रो ब्रजेश कुमार, गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।

# गुंजन सिंह फिर से झारखंड महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नयी प्रदेश कार्यकारिणी और महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में गुंजन सिंह को फिर से झारखंड महिला कांग्रेस की कमान सौंपी गयी है। नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 7 सचिव एवं 10 जिलाध्यक्ष शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी बॉबी भगत और सुंदरी देवी को सौंपी गयी है। महासचिव इंदु लेखा भगत, मीनू सिंह, नेहा कुमारी, सुषमा कुमारी, रजनी बंसल, अजंता समद, लैला परवीन, विनीता देवी, बिंदी देवी, इंदु सिंह और बेबी देवी। प्रदेश सचिव रिया तिर्की, हीरा हिलारिया एक्का, शहनाज खातून, दुर्गा शर्मा, संगीता बेक और अनिता देवी। जिलाध्यक्षः धनबादः सीता राणा, सिमडेगाः जोसीमा झाकसा, खूंटीः सुनीता गोप, रांची ग्रामीणः मीरा तिर्की, रांची महानगरः नीतू देवी, लोहरदगाः सीमा परवीन, रामगढ़ः मंजू जोशी, लातेहारः अनिता देवी, पलामूः रेखा सिंह और देवघरः प्रमिला देवी को बनाया गया है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृष** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **तुला** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## कोडरमा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जायेगा। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में ज़िले के 111 विद्यालयों के सहयोग से 9 हजार 638 विद्यार्थियों की रिकॉर्ड भागीदारी होगी। यह परीक्षा जो पिछले 30 साल से भारत के 22 राज्यों में सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। इस वर्ष कोडरमा में भी नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार डेढ़ गुणा अधिक बच्चे ने उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह वृद्धि सभी प्रखंड समन्वयकों, कार्यकर्ताओं, सहयोगी शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन के समर्पित और सार्थक सहयोग का परिणाम है। परीक्षा का उद्देश्य और लाभ यह अनूठी परीक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परीक्षार्थियों की मानसिक तीव्रता के साथ उनकी भाव संवेदना और आध्यात्मिक मेधा को भी विकसित करने पर केंद्रित है। यह परीक्षा 11 भाषाओं में संपन्न होती है और विद्यार्थियों को निम्न लाभ जैसे मानवीय गरिमा का बोध, व्यक्तित्व निर्माण, सकारात्मक दृष्टिकोण, उत्कृष्ट भावसंवेदनाएं, परिष्कृत अभिरुचियां, नैतिकता का अभिवर्द्धन, कर्तव्यनिष्ठा का जागरण, सुसंस्कारिता का जागरण, अभिवर्द्धन, प्रखर विचार, तनाव-अवसाद से मुक्ति आदि मिलते हैं। इस परीक्षा के जरिये विद्यार्थी न केवल अपनी संस्कृति और मूल्यों को समझते हैं, बल्कि जिम्मेदार, नैतिक और सुसंस्कृत नागरिक बनने की ओर भी अग्रसर होते हैं। जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक शिव कुमार बर्णवाल ने शनिवार को दी है।

## जेपी जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन आत्मनिर्भर भारत अभियान की तैयारी बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और महान विचारक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के विधायक कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने जयप्रकाश नारायण के जीवन, उनके योगदान और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी के प्रतीक थे। उन्होंने 1970 के दशक में इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष को संगठित कर ह्यसंपूर्ण क्रांति आंदोलन की शुरुआत की थी, जिसने देश के लोकतंत्र को नयी दिशा दी। ब्रिटिश शासन के अत्याचार के विरुद्ध उन्होंने नेपाल में आजाद दस्ता भी बनाया था। उनकी समाजसेवा के लिए उन्हें 1999 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जेपी का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जयंती समारोह के उपरांत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 14 अक्टूबर 2025 को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संगोष्ठी और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास और सह वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित रहेंगी। बैठक में कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गयी और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी का आह्वान किया गया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि चंदन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, केपी ओझा, सुनील मेहता, रेणुका साहू, दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, दिनेश सिंह राठौर, इंद्र नारायण कुशवाहा, राज्यकरण पांडे, तनवीर अहमद, महेंद्र बिहारी, अशोक कुशवाहा, अरुण राणा, विवेक बैरियर, गुड़िया देवी, रानी कच्छप, सुबोध सिंह, महावीर सिंह, राजेश ठाकुर, नेहरू साहू, विजय गिरी, राजेश यादव, शिवपाल यादव, ऋषि शर्मा, लीलू सिंह भोक्ता, जगन्नाथ प्रजापति, कालेश्वर रजक, बलराम जी, बिरजू जी सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर में एनसीसी कैडेटों ने दिखायी एकता की मिसाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सैनिक स्कूल तिलैया में बिहार एंड झारखंड एनसीसी निदेशालय के तत्वावधान में चल रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत-1/25 नामक 12 दिवसीय राष्ट्रीय शिविर के छठे दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 601 एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। शिविर की शुरूआत सुबह पीटी से हुई, जिसके बाद दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हजारीबाग ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस. गोपीकृष्णन (सेना मेडल) के मार्गदर्शन में तथा 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार (सेना मेडल) ने किया। शिविर में बेंगलुरु से आए एक्स्पा ग्रुप की टीम ने कैडेट्स में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु विशेष सत्र आयोजित किया। टीम लीडर अनीश राहुल ने बताया कि यह प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। टीम ने सार्वजनिक वक्तृत्व, आत्मविश्लेषण, क्रिटिकल थिंकिंग और जिम्मेदार नागरिकता जैसे विषयों पर प्रेरक कार्यशालाएं दीं। एक्स्पा ग्रुप का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और वैश्विक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना है। सांस्कृतिक समन्वयक सेकंड ऑफिसर अभिजीत आनंद और थर्ड ऑफिसर नवीन चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों के एनसीसी कैडेट्स पारंपरिक वेशभूषा और लोककला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रहे हैं। स्वास्थ्य और अनुशासन की देखरेख सूबेदार मेजर अरविंद कुमार कर रहे हैं, जबकि प्रशासनिक और प्रशिक्षण कार्य में लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, सूबेदार बलविंदर सिंह, सूबेदार ए.एन. ठाकुर, सूबेदार चंद्रहास, सूबेदार चंपा मुरमुर और अन्य प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहा। यह शिविर न केवल एनसीसी कैडेट्स में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत कर रहा है, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को भी साकार कर रहा है।

## पथलडीहा में टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पथलडीहा में टीबी के असुरक्षित समूहों में टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा टीबी बिमारी की खोज, पहचान और उपचार करना है। जिसमें हेण्डहेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा कुल 63 मरीजों का एक्स-रे किया गया, जिसमें कुल 3 मरीजों में टीबी का लक्षण पाया गया। विगत दो दिनों के कैम्प में हेण्डहेल्ड एक्स-रे से अबतक कुल 142 मरीजो का एक्स-रे किया गया, जिसमें कुल 5 मरीजों में टीबी का लक्षण पाया गया। सभी लक्षण वाले मरीज को ट्रूनेट मशीन से बलगम जॉच कराया जा रहा है। उक्त कैंप में सुरेश प्रसाद एक्स-रे प्रावैद्यिक और मो सालिक जफर टीबी एचभी, मेनका कुमारी एएनएम, शर्मिला देवी, रंजु देवी, बिमला देवी, बीणा देवी सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित कफ सिरप और इंजेक्शन के साथ दो नशा कारोबारी गिरफ्तार

**दोनों पर पूर्व में दर्ज हैं कई मामले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो नशा कारोबारी को धर दबोचा है। दोनों के पास से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिरप जब्त किया गया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति जेल रोड बाल सम्प्रेक्षण गृह पानी टंकी के पास अवैध नशीला पदार्थ का खरीद-बिक्री कर रहें है। एसपी ने सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक छापागरी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान से नियाजुद्दीन उर्फ नियाज अंसारी, पिता शरीफ और मो मुस्ताक, पिता मो सुलेमान टेलर, दोनों ग्राम-मंडईकला, थाना-लोहसिंघना, जिला-हजारीबाग को अवैध नशीला कफ सिरप और इंजेक्शन के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में लोहसिंघना थाना कांड सं-151/25 दर्ज किया गया है। मो नियाजुद्दीन पर सदर थाना कांड सं-1019/14, लोहसिंघना थाना कांड सं-96/19,14/20,182/20, 214/22, कटकमसैंडी थाना कांड सं-32/23 दर्ज है वहीं मो॰ मुस्ताक पर लोहसिंघना थाना में कांड सं-182/20 और सदर थाना कांड सं 553/2005 दर्ज है।

**छापामारी दल में**

सदर एसडीपीओ अमीत आनन्द, लोहसिंघना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, पुअनि पिन्टु कुमार,सअनि अरविन्द कुमार मिश्रा और लोहसिंघना थाना सशस्त्र बल और अंगरक्षक शामिल थे।

# कोयला लदे वाहन ने मासूम बच्चे को कुचला, स्थिति गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग मुफ्फसील थाना क्षेत्र के चूटयारों पंचायत के ग्राम डुमर मे एक बेहद ही दर्दनाक सड़क दुर्घटना सामने आयी है जहां एक कोयला लदा हाईवा ने एक पांच वर्षीय मासूम बच्चे के दोनों पैर में वाहन को चढ़ा दिया। इस दुर्घटना मे बच्चे का पैर बुरी तरह से कुचल गया। दुर्घटना का शिकार मासूम बच्चा प्रतीक कुमार पिता गोविंद राणा डुमर का निवासी है और वह शनिवार को प्रातः 7 से 7.30 के बीच अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी सीलवार कि तरफ से आ रहा हाइवा वाहन संख्या जेएच 02 एभी 3611 ने बच्चे के ऊपर वाहन का पहिया चढ़ा दिया। इस दुर्घटना के बाद ग्रामीणों कि सहायता से बच्चे को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्तिथि नाजुक बनी हुई है। कोयला लदा हाईवा घाटों कोलयरी कि तरफ से डुमर निवासी दिनेश प्रसाद उर्फ कारू के इंट भट्टे में कोयला गिराने जा रहा था तभी रास्ते मे यह हादसा हो गया। हादसे के बाद पहुंची मुफ्फसील थाना पुलिस को उग्र ग्रामीणों के भयंकर विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मुआब्जा मिलने तक वाहन को वहां से नहीं ले जाने देने की बात कही। दुर्घटना का शिकार बच्चे के पिता अत्यंत गरीब है वे पूना में रहकर टाइल्स मार्बल मिस्त्री का काम करते है उनके एक दो वर्ष की बेटी है। घर में परिजनों का रो-रो कर बहुत बुरा हाल है।

## कोचिंग संस्थान की जांच करने पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम स्थित निजी कोचिंग में शनिवार को जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार जांच करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे नियमों का पालन कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि संस्थान छात्रों को सही शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, शिक्षा के मानकों को बनाए रख रहे हैं। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखना है। इस अभियान से स्थानीय लोगो और अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। सनद है कि इन कोचिंग संस्थानो में स्थानीय और अन्य जिले के गरीब अभिभावक के बच्चे कम खर्च में पढ़ाई व रख रखाव के लिए भेजते है और विभिन्न कोचिंग संस्थानों में बच्चों को भेजने का मुख्य उद्देश्य नवोदय, नेतरहाट, आर के मिशन जैसे अन्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए नामांकन की तैयारी ही मुख्य उद्देश्य है। मौके पर अंचलाधिकारी अशोक भारती भी मौजूद थे।

# अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवारा।** चंदवारा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चंदवारा थानान्तर्गत ग्राम थाम से अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर चंदवारा थाना के थाम में अवैध अंग्रेजी शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान थाम निवासी अमित कुमार एवं महेश रजक के घर से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की गयी। इस बाबत बताया गया कि अपने अपने घरों में काफी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब का भंडारण कर परिवहन एवं बिक्री हेतु रखा गया था। सूचना के आधार पर चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त लोगो के घरों पर छापामारी की गयी। इस क्रम में अमित कुमार के घर से विभिन्न ब्रांड व विभिन्न मात्रा के कुल 104 बोतल अंग्रेजी शराब, बीयर बरामद किया गया, जिस संदर्भ में अमित कुमार द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं बरामद सामग्री को जप्त किया गया। तत्पश्चात महेश रजक के पर छापामारी की गयी, पुलिस को देखकर महेश रजक भागने में सफल हो गया। महेश रजक के घर से विभिन्न ब्रांड व विभिन्न मात्रा के कुल 129 बोतल अंग्रेजी शराब, बीयर बरामद किया गया। छापेमारी में कुल 233 बोतल अंग्रेजी शराब, बीयर बरामद किया गया। इस संबंध में चंदवारा थाना कांड सं॰ 80/25 दर्ज करते हुए अभियुक्त अमित कुमार (उम्र 25 वर्ष, पिता त्रिलोकी धोबी, साकिन थाम) को जेल भेज दिया गया।

**क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अवैध शराब की बिक्री, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि दीपावली पर्व के दौरान कोई भी अवैध गतिविधि न हो सके। पुलिस अधीक्षक ने आमजनों से अपील की है कि यदि किसी को भी क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थों या अन्य आपराधिक गतिविधियों की जानकारी हो तो वे पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम और पहचान गोपनीय रखा जायेगा।

# बड़कागांव मेगालिथ स्थल का पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू ने किया दौरा, संरक्षण और विकास पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग- बड़कागांव मुख्य पथ स्थित पंकरी बरवाडीह गांव में घोषित राष्ट्रीय पर्यटक स्थल विश्व प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल का दौरा झारखंड सरकार के नगर विकास और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत बुके देकर किया। तत्पश्चात मंत्री ने स्थल का अवलोकन सह निरीक्षण किया। मौके पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि इस स्थल को सरकार संरक्षण और विकसित करने का कार्य शुरू कर दी है। मंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि रैयती जमीन सरकार लेगी तो मुआवजा दिया जायेगा। जबतक सरकार द्वारा इसको संरक्षण नहीं किया जाता तब तक ग्रामिण और स्थानीय जनप्रतिनिधि इसको सुरक्षित रखेंगे। उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।वहीं स्थल की विशेषता की बारिकी से स्थल के खोजकर्ता सुभाशीष दास से जानकारी ली। स्थल के खोजकर्ता श्री दास ने मंत्री को बताया कि इस स्थल से 21 मार्च व 23 सितंबर को दो खडे. पत्थरों के बीच से कुछ दूरी पर स्थित एक अन्य खडें पत्थर के पास इक्विनोक्स प्वाइंट से सुर्योदय का अद्भुत नजारा देखा जाता है। इसके अलावे 22 /23 दिसंबर को भी सुर्योदय का नजारा देखा जा सकता है। यह स्थल उन आदिकाल के लोगों के समृद्ध व उन्नत ज्ञान को दर्शाता है। ऐसे इक्विवोक्स प्वाइंट से सुर्योदय का नजारा विदेशों में इंग्लैंड हेरेंज और न्युग्रेज आदि जगहों में है और भारत में यह एक मात्र स्थल जहां से सुर्योदय का नजारा देखा जाता है। यहां विदेशी पर्यटक आते रहते हैं इसे संरक्षित करने कि आवश्यकता है। इस दौरान संबंधित अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी सरकारी अमीन से जमीन के प्रकृति के बारे में जानकारी ली और मापी करने का निर्देश दिया। सरकारी अमीन की ओर से कहा गया कि यह रैयती जमीन है। इस दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि इसका कार्य योजना बनाकर आगे प्रेषित किया गया है। मौके पर बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, मुखिया बिमला देवी, इलियास अंसारी, सीआइ नवल किशोर, अमीन नरेंद्र कुमार, प्रखंड समन्वयक आशीष कुमार पासवान, बीपीओ अरुण कुमार पासवान, राजस्व कर्मचारी मनीष पाठक, आशीष कुमार सोनी, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, वार्ड सदस्य अशोक राम, संतोष कुमार साव, ग्रामीण प्रभु राम, तिलेश्वर कुमार, सरयू साव, महावीर साव, प्रेम साव प्रकाश साव, यमुना प्रसाद साव सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थें।

## बालिका सम्मेलन का किया गया आयोजन




**इचाक (आजाद सिपाही)।** बालिकाओं के मनोबल को बढ़ाने और अधिकार को सुरक्षित करने के उद्देश्य से महिला मुक्ति संस्था द्वारा संचालित किशोरी समूह की लड़कियों के द्वारा एरवाता वैदिक गुरुकुल (एमपीएस) विद्यालय परासी इचाक मे अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर बालिका सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ संतोष कुमार ने अनाथ किशोरियों के साथ केक काटकर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियां देश का भविष्य है आगे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में माता-पिता के मार्गदर्शन मे अपना भविष्य को रोजगार के साथ जुड़ने के उद्देश्य से शिक्षा, कौशल विकास, और नेतृत्व की भूमिका मे आये, जिससे आगे उन्हे किसी प्रकार की चुनौती का सामना नहीं करना पड़े। संस्था सचिव देवयानी वर्मा ने संस्था के उद्देश्यों के साथ आज के कार्यक्रम की महत्व बताया, आज हमारे इचाक से ही लगभग 300 से अधिक लड़कियां सशक्त हुई है और अन्य लड़कियों को प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपस्थित सभी बालिकाओं को संस्था द्वारा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लड़कियों के द्वारा नाटक, भाषण, गीत के माध्यम से बाल विवाह और जल्दी शादी रोकथाम, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकार के प्रति जागरूक करने साथ ही लिंग आधारित हिंसा का विरोध भेदभाव जैसी सामाजिक बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बालिका गुणगुण कुमारी, अनामिका कुमारी और प्रेरणा कुमारी ने किया। कार्यक्रम का सफल बनाने मे संस्था की लीला कुमारी, शांता सांगा, पार्वती देवी, अनीता कुमारी, पूनम देवी, पूनम शर्मा, बिनिता कुमारी, ज्योति सिन्हा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुषमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, गीता कुमारी, निशु निशा और किशोरी समूह की नेतृत्वकारी किशोरी शामिल रही।

## कैंप में कुल पांच मरीजों में टीबी के लक्षण मिले

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथलडीहा में टीबी के असुरक्षित समूहों में टीबी स्क्रीनिंग कैंप शनिवार को आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा टीबी बीमारी की खोज, पहचान और उपचार करना है। इसमें हेंडहेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा कुल 63 मरीजों का एक्स-रे किया गया, जिसमें कुल तीन मरीजों में टीबी का लक्षण पाया गया। पिछले दो दिनों के कैंप में हेण्डहेल्ड एक्स-रे से अब तक कुल 142 मरीजो का एक्स-रे किया गया, जिसमें कुल पांच मरीजों में टीबी का लक्षण पाया गया। सभी लक्षण वाले मरीज को ट्रूनेट मशीन से बलगम जॉच कराया जा रहा है। कैंप में सुरेश प्रसाद, मो सालिक जफर, मेनका कुमारी, शर्मिला देवी, रंजु देवी, बिमला देवी, बीणा देवी सहिया समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## महिलाओं के बीच बांटे गये मशरूम उत्पादन किट



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल की पकरी बरवाडीह और बादम कोयला खनन परियोजनाओं की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ द्वारा आज ग्रामीण महिलाओं को मशरूम उत्पादन किट वितरित की गयी। यह कार्यक्रम ढेंगा स्थित मशरूम उत्पादन केंद्र में आयोजित किया गया, जहां संघ की अध्यक्षा अनिता दाश ने आसपास के गांवों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ये किट सौंपीं। यह पहल हाल ही में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा शुरू किये गये सक्षम आजीविका मिशन के अंतर्गत की गयी है, जिसका उद्देश्य परियोजना प्रभावित ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। अजीविका मिशन के पहले चरण में ढेंगा गांव में मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण और आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है ताकि वे मशरूम उत्पादन से स्थायी आय अर्जित कर सकें। यह कार्यक्रम एनटीपीसी की सतत विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता का एक और सशक्त उदाहरण है। इस कार्यक्रम के दौरान जागृति महिला संघ की अध्यक्षा अनिता दाश के अलावा महिला संघ के वरिष्ठ सदस्य और एनएमएल पकरी बरवाडीह के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने डोमचांच नगर पंचायत और चंदवारा प्रखंड का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज ने शनिवार को डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विकासात्मक और जनसुविधा से संबंधित स्थलों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत बस स्टैंड के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया और स्थल के समुचित विकास और यातायात सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने रेफरल अस्पताल डोमचांच का निरीक्षण करते हुए कहा कि अस्पताल को हैंडओवर करने से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कर लिए जायें। उन्होंने कार्यपालक अभियंता और संवेदक को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने और सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नगर पंचायत अंतर्गत नव निर्मित और अर्द्धनिर्मित भवनों का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सब्जी मंडी को लेकर प्रस्तावित वेंडिंग जोन स्थल का भी निरीक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आगामी छठ पर्व की तैयारी के मद्देनजर उपायुक्त ने शिवसागर तालाब का निरीक्षण किया और तालाब की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने चंदवारा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और प्रस्तावित ट्रामा सेंटर के लिए स्थल का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, नगर प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा, ईई सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अबुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन 13 से

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में अबुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेले से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाना है। मेले का आयोजन दिनांक 13 से 18 अक्टूबर तक किया जायेगा। इसमें सामान्य रोग, रक्तचाप, मधुमेह, महिला रोग, आंख, दांत, हड्डी, नस इत्यादि बीमारियों का इलाज किया जायेगा। इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिव को अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा मरीजों को मेला में भेजने का आग्रह किया गया है।

## सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत अंतर्गत स्थित रामघाट फुटबॉल मैदान में शनिवार को सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। मौके पर बतौर अतिथियों के रूप में मुखिया जिलाध्यक्ष अंरविद सिंह, सुबेश राम महावीर साव, विश्वजीत उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, पूर्व मुखिया प्रयाग राम, गजेन्द्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि रामचन्द्र गुप्ता, गोविंद तिवारी, सुरेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वही उपस्थित अतिथियों ने फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन सामुहिक रूप से फीता काटकर व फुटबॉल को कीक मार कर किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। उद्घाटन मैच मुरवे बनाम चौथा के बीच खेला गया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित कर उनका हौसला अफजाई किया। साथ ही उन्होंने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान होगा। इस मौके पर धनेश्वर विश्वकर्मा, मुनेश गंझू, दिलिप कुमार, सनाउल्ला, रामजतन यादव, ऋषिकेश तिवारी, मुकेश आंनद, जितेन्द्र कुमार समेत खेल प्रेमी व ग्रामीण अन्य लोग उपस्थित थे।

## महाविद्यालय के द्वार पर गंदगी के खिलाफ शिक्षक - विद्यार्थियों ने निकाला विरोध मार्च



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर कूड़े का अंबार लगाने से परेशान होकर शिक्षक, शिक्षकेत्तरकर्मी और विद्यार्थियों ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। इस विरोध मार्च का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ महाविद्यालय मुख्य द्वार से लेकर पूरा परिसर महाविद्यालय की संपत्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य द्वार सहित परिसर को हर हाल में प्रदूषित होने से बचाया जाएगा। विद्यार्थी के लिए शिक्षा का यह मंदिर है, इसे कूड़ेदान समझना बंद करो। जैसे कई नारे विद्यार्थियों ने इस उम्मीद के साथ लगाया कि उनकी आवाज सुनी जाएगी। मुख्य द्वार से पूरा प्रवेश मार्ग अतिक्रमण और कूड़े जमा करने से बाधित है। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ जिले का एकमात्र अंगीभूत इकाई है। जहां हजारों की संख्या में विद्यार्थी पढ़ते है। दुखद है कि कुछ समय से आसपास के दुकानदारों ने मुख्य द्वार के पास कूड़े का ढेर खड़ा कर दिया है।

## राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर पोषण प्रदर्शनी, रंगोली का हुआ आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिसका लक्ष्य कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना है। इस दौरान डीसी फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को टाउन हॉल में पोषण प्रदर्शनी, पोषण रंगोली सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण किया एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। डीसी ने स्टॉल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही डीसी ने टाउन हॉल से गुब्बारों को हवा में छोड़ते हुए पोषण जागरूकता का संदेश दिया।

## झारखंड सरकार ओबीसी छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति प्रदान करें : सुदीप कुमार महतो



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सुदीप कुमार महतो ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से मांग की है कि ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति जल्द से जल्द जारी की जाये। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से ओबीसी वर्ग के हजारों विद्यार्थी छात्रवृत्ति के अभाव में आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कई छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सरकार की इस उदासीनता से विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। सुदीप कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी वर्ग अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने झारखंड सरकार से अपील की है कि शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए तुरंत छात्रवृत्ति राशि का वितरण सुनिश्चित करे, ताकि गरीब और पिछड़े वर्ग के छात्र अपनी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रख सकें।

## किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ में अनुसूचित जनजाति उपयोजना अंतर्गत किसान मेला सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक निर्मल महतो और विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति अजय कुमार सिंह थे। इस अवसर पर विभिन्न वैज्ञानिकों ने किसानों को जलवायु अनुकूल खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली, मूल्य संवर्धन और ग्रामीण उद्यमिता अपनाने की सलाह दी। मेले में एक हजार से अधिक किसानों, महिला समूहों और युवाओं ने भाग लिया। 25 से अधिक विभागीय और निजी स्टॉलों में आधुनिक कृषि उपकरण, जैविक खाद, पशुपालन, मशरूम उत्पादन आदि का प्रदर्शन किया गया। महिला किसानों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों व समूहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंद्रजीत और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधांशु शेखर ने किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की बैठक संपन्न

# गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिविल सर्जन, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, नीति आयोग से जुड़े फेलो, डीपीएम, डीएएम, डीपीसी (टीबी), बीपीएम, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रतिनिधि और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त ने उन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जहां आयुष्मान मित्र तैनात नहीं हैं, वहां (JSLPS) के 9 कर्मियों को आयुष्मान मित्र के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। टंडवा, सिमरिया और सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से अपेक्षाकृत कम राशि जनरेट करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत एमटीसी केंद्रों में सभी कुपोषित बच्चों का उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि डॉ. कात्यायनी सोमवंशी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चतरा का प्रभार तत्काल सौंपा जाये। साथ ही एच एम आई एस में डाटा एंट्री करने वाले वर्तमान डाटा ऑपरेटर को हटाकर नए ऑपरेटर की नियुक्ति करने और एच एम आई एस के प्रभावी संचालन हेतु प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। डीडीएम को सभी एंपेनल्ड नर्सिंग होम की एच एम आई एस आईडी क्रिएट कर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को एमटीसी की बेड ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा गया। आरबीएसके टीम को स्कूल स्क्रीनिंग डाटा प्रखंडवार संधारित करने और जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिया गया। हाइड्रोसील ऑपरेशन को कैंप मोड में संपन्न कराने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया गया। हंटरगंज में डेंगू सैंपल नहीं भेजे जाने पर कारण पूछा गया और सभी स्वास्थ्य केंद्रों को प्रत्येक माह 350 डेंगू सैंपल डीपीएसएल लैब, सदर अस्पताल चतरा भेजने का निर्देश दिया गया। ई संजीवनी पोर्टल अंतर्गत टेलीकंसल्टेशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आयुष्मान आरोग्य मंदिर सीमा चतरा की सीएचओ निभा भारती को राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में उपायुक्त ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चलने वाले कुष्ठ खोजी अभियान को लेकर जिला समन्वय समिति की समीक्षा की गयी। इस दौरान राज्य कुष्ठ समन्वयक डॉ. काशीनाथ ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी। खोजी दल जिले के सभी घरों में जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगा। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपायुक्त ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। समयबद्ध कार्रवाई और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा की कुंजी है।

## दिवाली और छठ में स्वदेशी सामग्री का करें उपयोग : जगेश्वर प्रजापति




**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी दीवाली व छठ पर्व में क्षेत्रवासी अपने-अपने घरों में विदेशी लाइट छोड़कर स्वदेशी दीपों का उपयोग करें। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की सुधार के साथ आमदनी सीधे तौर पर कारीगरों को मिल सके। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जागेश्वर प्रजापति ने करमा उत्तरी पंचायत के ग्राम बलिया व बरमसिया में आयोजित बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि दीपावली व छठ महापर्व में स्वदेशी (भारत में निर्मित) सामानों का इस्तेमाल करने से स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्पियों को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और देश आत्मनिर्भर बनता है। त्योहारों के दौरान उपहारों और सजावट के सामानों के लिए स्थानीय उत्पादों को चुनकर देश की समृद्धि में योगदान दे सकते है। इससे पूर्व, सदस्यों ने फाउंडेशन की उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही, महिलाओं को सशक्तिकरण एवं साक्षर बनाने पर जोर दी गई। बैठक में फाउंडेशन सचिव आशा कुमारी, शांति देवी, वीणा देवी, पुनम देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, रीना देवी, सुमन देवी, सोहनी देवी, पालको देवी, बिलासो देवी, राजो देवी, चुरा देवी, लीला देवी, सुमित्रा देवी, संगीता देवी, रुना देवी शामिल रहे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के निदेर्शानुसार हंटरगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहाद में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन डीएलएसए के मार्गदर्शन में पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयू यादव और मिथिलेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद सगीर अंसारी और पीएलवी टीम के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में रचना कुमारी प्रथम स्थान, निशा कुमारी द्वितीय स्थान, लकी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भदानीनगर में महिला का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

- घटना सेआक्रोशित लोगों ने रामगढ़-रांची हाइवे को किया अवरोध
- पति ने ओपी में आवेदन देकर न्याय की लगायी गुहार

सुदामा सिंह

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चैनगडा स्थित मदन कुट्टी दुकान के समीप शनिवार की सुबह महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर छानबिन में जुटी गयी। जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा गया। मृतिका की पहचान कौआ बेड़ा निवासी सुबोध गाड़ी की पत्नी अंजली गाड़ी के रूप में की गयी है। घटना से आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने ओपी के समीप रामगढ़-रांची हाइवे को जाम कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला सत्संग सुनने रामगढ़ गयी हुई थी। घर वापस आने के दौरान यह घटना घटी है। कुट्टी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में महिला को सुनसान जगह पर खड़ा देखकर एक ट्रक ड्राइवर और खलासी गाड़ी रोककर महिला से बातचीत करते देखा गया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। साथ ही साथ ही ट्रक ड्राइवर व खलासी की भी पहचान कर खोजबीन शुरू कर दिया गया है। मृतिका अंजली गाड़ी के पति ने ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। सौंपें गये आवेदन में अंदेशा जताते हुए कहा गया कि मेरी पत्नी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया है, उनके बाद उसे जान से मार दिया गया। मामले पर ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि मृतिका के साथ दुष्कर्म किया गया है या नहीं। पुलिस घटना की जांच जांच कर रही है। जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## ललन यादव बने युवा राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव



**कुजू (आजाद सिपाही)।** युवा राजद के झारखंड प्रदेश सचिव ललन यादव को अध्यक्ष रंजन यादव ने संगठन विस्तार के तहत प्रदेश महासचिव मनोनीत किया। मनोनीत प्रदेश महासचिव ललन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव समेत पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। कहा कि पार्टी व प्रदेश अध्यक्ष ने मुझ पर पुन: विश्वास जताया है, इसके लिए मैं आगे भी पूरी ईमानदारी पूर्वक जुड़ा रहूंगा। साथ ही, पार्टी की मजबूती एवं संगठनात्मक विस्तार को लेकर सदैव तत्पर रहूंगा। वहीं, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक निष्ठा व समर्पण भाव से पहुंचाने का कार्य करूंगा। इधर, ललन यादव को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर सुधीर कुमार, जितेंद्र यादव, राजेश यादव, उमेश कुमार, विकास यादव, सुरेश महतो, पप्पू यादव, संतु यादव समेत कार्यकताओं ने बधाई दी है।

## बांदू में लगाया गया ट्रांसफार्मर

**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास द्वारा लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बांदू में शिव मंदिर के पास शनिवार को 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जानकारी के अनुसार शिव मंदिर के पास पूर्व में लगे ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो जा रहा था। जिससे उपभोक्ताओं ने परेशान होकर भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी खगेश्वर साहू को नये ट्रांसफार्मर लगवाने का आग्रह किया था। खगेश्वर साहू ने सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास को ग्रामीणों की परेशानी का जिक्र करते हुए नये ट्रांसफार्मर लगाने को आग्रह किया। सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास के प्रयास से बांदू गांव में शिव मंदिर के पास पूर्व में ट्रांसफार्मर लगाया गया।

## डीसी ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को उपलब्ध कराया पहचान पत्र



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी फैज एक अहमद मुमताज के निर्देश पर जिला अंतर्गत ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के तहत विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीसी के द्वारा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पहचान पत्र और पेंशन योजना से संबंधित पत्र प्रदान किया गया। मौके पर ट्रांसजेंडर काव्या राज, संजू किन्नर, माही सिंह और सोमनाथ को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। वहीं मंटू मांझी, मुन्नी हिजरा, दशरथ राम, अर्जुन कुमार, प्रमोद शर्मा, सुन्नी कुमारी यादव, राजदीप कुमार और मन्नू कुमार को पेंशन योजना से संबंधित पत्र उपलब्ध कराया गया। इस दौरान सभी ने डीसी द्वारा किये गये इस प्रयास की सराहना करते हुए उनको धन्यवाद दिया।

## कमलेश बने युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री समेत कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड प्रमुख पति कमलेश कुमार यादव को युवा राष्ट्रीय जनता दल का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने सूची जारी किया है। जिसमें कमलेश कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कमलेश कुमार ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे बेहतर पूर्वक निभायेंगे। कहा कि एक छोटा सा गांव के लड़के को प्रदेश में जगह देना उनके लिए बड़ी बात है। कमलेश ने युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मंत्री संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रति आभार प्रकट किया है। विनोद भोक्ता को भी प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। बधाई देने वालों में राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रतीक प्रकाश अंगार, अशोक यादव, प्रभु यादव, मुकेश भोक्ता, विनय यादव, राजदेव यादव, कपील देव यादव, सीतेश्वर यादव समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## मांडू सीओ ने राजस्व कर्मचारियों के बीच किया हलका आवंटन

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों के बीच हल्का आवंटन किया है। जारी आदेश के अनुसार रविभूषण ठाकुर को हल्का संख्या 1 और 2, कन्हैया कुमार राम को हल्का संख्या 3, 4 और 9, शंभुनाथ मिश्रा को हल्का संख्या 5 और 7, जबकि शुभम कुमार को हल्का संख्या 6 और 8 का कार्यभार सौंपा गया है। मालूम हो कि मांडू अंचल में हाल ही में रविभूषण ठाकुर, शंभुनाथ मिश्रा और शुभम कुमार ने अपना योगदान दिया है। हल्का आवंटन से अंचल कार्यों में सुगमता आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

Before, The Notary Public, Ranchi

**AFFIDAVIT**

I, Namita Kumari D/o Late Haridas Bediya resident of Village – Dimra, P.O. Jonha, P.S. Sikidiri, Distt.-Ranchi, Jharkhand- 835103. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian citizen and living in above mentioned address.
2. That in Aadhar card No. 4328 3445 3412 my name is mentioned is Momita Bediya D/o Hariya Bediya and my mate of Birth is mentioned as 15/03/2008, which is wrong.
3. That my correct name is Mamita Kumari and my father correct name is Late Haridas Bediya and my correct Date of Birth is 17/04/2005 according to my Matric Certificate.
4. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my name Mamita Kumari in place of Momita Bediya and my father's name Late Haridas Bediya in place of Hariya Bediya and correction my Date of Birth 15/03/2008 in my Aadhar card.
5. That my above statements are true & Correct.

Sl. No– C/77, Date: 11.10.2025

**AFFIDAVIT**

I, Jay Prakash Uranw S/o Late Ram Vrikash Uranw, R/o Nayakhar, P.O. Nagar Untari, P.S. Nagar Untari, Dist. Garhwa, Jharkhand- 822121, do hereby solemnly affirm and declare as follows: -
1. That the correct name of my daughter is NANCY TOPPO which is mentioned in her Birth Certificate.
2. That the name of my aforesaid daughter has been wrongly entered as NANSI BRIJIYA in her Adhar Card No. 4085 8052 8584.
3. That this affidavit is being sworn for correction of my aforesaid daughter's name as NANCY TOPPO in her Adhar Card.

Sl. No.- 0210, Date- 11.10.2025

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने मां शीतला देवी मंदिर में भव्य भंडारा का किया आयोजन

- 400 लोगों को कराया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का हुआ टीकाकरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। क्लब समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के मीडिया प्रभारी लायन डॉ. एमके मंजुल के जन्मदिन पर केक काटकर जश्न मनाया गया। लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गयी और खुशियां मनायी गयी। इधर परमानेंट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा राज नर्सिंग होम में दर्जनों नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। मौके पर जिला चेयरपर्सन एमजेएफ लायंस डॉ. राजेंद्र महतो ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की ओर से राज नर्सिंग होम में प्रत्येक दिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक रोगियों को नि:शुल्क इलाज किया जाता है। साथ ही प्रत्येक दिन डायबिटीज का जांच नि:शुल्क किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव लायन अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन निर्मल अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन लायन विजयंत कुमार, लायन रेखा वर्णवाल, लायन माला शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन रेखा मंजुल, लायन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन दीनबंधु सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, रमेश अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मौके पर जेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. रामानुज सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दो बहनें लापता परिजनों में आक्रोश

**चतरा(आजाद सिपाही)।** राजपुर थाना क्षेत्र के छेवटा गांव से शुक्रवार शाम करीब चार बजे दो सगी बहनें लापता हो गयी हैं। दोनों बहनें बीके उच्च विद्यालय में पढ़ती थीं। जिसमें एक इंटर और दूसरी नौवीं कक्षा की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार, दोनों बहनें शुक्रवार सुबह स्कूल पढ़ने गयी थीं, लेकिन घर नहीं लौटीं। परिजनों ने बताया कि दोनों बहनों को ग्रामीणों ने शाम 4 बजे के आसपास गांव में देखा था, लेकिन उसके बाद से वे लापता हैं। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो दोनों बहनों का साइकिल और बैग गांव के मंझराही आहार के पास मिला, लेकिन दोनों बहनें नहीं मिलीं। 16 घंटे की खोजबीन के बाद भी जब दोनों बहनों का पता नहीं चला, तो परिजन शनिवार सुबह राजपुर थाना को इसकी सूचना दी। परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन मिलते ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी जायेगी और जल्द ही बच्चियों को बरामद कर लिया जायेगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्याः 8457 दिनांक - 11/10/2025 मै सुरेश कुमार पिता चन्द्रदीप प्रसाद उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम पिंडरा पो०-ओखरगाडा, थाना मेराल जिला गढ़वा झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि मेरा पुत्र अरनव कुमार है जिसका वास्तवीक जन्मतिथि-28.02.2008 ई० है जो सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरा पुत्र के जन्मप्रमाण पत्र संख्या-B-2018: 20-90002-000122 एवं मैट्रीक का एडमिटकार्ड पर जन्मतिथि 28.02.2008 ई० अंकित है जो सही एवं सत्य है। 3. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या-4113 6061 8048 है जिसपर भूलवंश जन्मतिथि 28.02.2009 ई० अंकित हो गया है जो गलत है। 4. यह कि उक्त शपथ पत्र अपने पुत्र अरवन कुमार का आधार कार्ड पर जन्मतिथि सुधार कर 28.02.2008 ई० अंकित करने हेतू एवं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन करने हेतू यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

# मोदी-ट्रंप ने की ट्रेड डील पर चर्चा

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील किसी अंजाम पर नहीं पहुंची है, लेकिन बातचीत का जारी रहना सकारात्मक संकेत है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच वार्ता में ट्रेड का जिक्र आना बताता है कि मतभेद कम हो रहे हैं। हालांकि ट्रंप के रवैये को देखते हुए इस बारे में पक्के तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

**सही दिशा में प्रगति :** दोनों नेताओं के बीच गाजा शांति समझौते पर बात होनी थी, पर ट्रेड डील पर भी चर्चा हुई। दोनों तरफ का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल लंबे समय से डील पर बात कर रहा है। रंप ने इस मुद्दे पर भले कई बयान दिये हों, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से डील पर कभी कुछ नहीं कहा गया। अब उनकी तरफ से जिक्र होने का यही मतलब निकलता है कि बात सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

**जल्दबाजी नहीं :** भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए तीन साल से बातचीत चल रही थी। तब जाकर इस जुलाई में पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर हो सके और अब भी इसे लागू करने में यह पूरा साल गुजर जायेगा। ऐसे में भारत-अमेरिका समझौते के तुरंत फाइनल हो जाने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए और वह भी तब, जब कुछ मुद्दों पर पेच फंसा हुआ है।

**भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए तीन साल से बातचीत चल रही थी। तब जाकर इस जुलाई में पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर हो सके और अब भी इसे लागू करने में यह पूरा साल गुजर जायेगा।**

**बीच का रास्ता :** अमेरिकी शिकायत भारत से होने वाले व्यापार घाटे, कृषि, डेयरी उत्पाद और रूसी तेल को लेकर है। अब ऐसा लग रहा है कि बीच का रास्ता निकलने लगा है। भारत ने अमेरिका से अधिक मात्रा में तेल, गैस और एथेनॉल खरीदने का प्रस्ताव दिया है।

**लचीलापन चाहिए :** हालांकि, समझौता तभी फाइनल हो सकता है और तभी उस पर सफलतापूर्वक अमल किया जा सकता है, जब दोनों पक्ष लचीला रुख अपनाएं। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन को भारतीय जरूरतों को समझना होगा। अमेरिका के साथ डील का मतलब यह नहीं हो सकता कि भारत अपने दूसरे व्यापारिक सहयोगियों को किनारे कर दे।

**दोनों की जरूरत :** ट्रंप के दौर में अमेरिकी पॉलिसी अनिश्चित रही है, तो बातचीत की मेज पर भारतीय वार्ताकार अब भी रिलैक्स नहीं हो सकते। उन्हें मजबूती से पक्ष रखना होगा और यूएस को समझाना होगा कि यह डील दोनों ही देशों के लिए जरूरी है। यह तभी हो सकती है जब संवाद, सहयोग, एक-दूसरे की चिंताओं की समझ और आपसी सम्मान हो।

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है। अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुट्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित कर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध-एक अलौकिक अनुभव

**लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी**





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। हम सब ने बहुत कुछ जाने अनजाने में इस संस्था के कार्य और उनकी संरचना के बारे में सुना है या फिर स्वयं भी किसी न किसी रूप में अनुभव किया है। मेरा भी इस संगठन से जुडाव कुछ इसी प्रकार हुआ।

मैं 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ। तब तक, मैने इस संगठन के बारे में केवल अखबारों में, पत्रिकाओं में या फिर कभी किसी राजनीतिक चर्चाओं में सुना था। मैं अब यह कह सकता हूं कि एक ऐसा संगठन जिसने अपने आप को केवल मानवता और राष्ट्र को समर्पित कर दिया, मैं स्वयं सेना की नौकरी में कार्यान्वित होने के कारण इस संगठन के उत्कृष्ट कार्यो से अनभिज्ञ रहा। ऐसा भी नहीं, कि मैंने अपने सेना के सेवाकाल में, इस संगठन के कार्यों का अनुभव नहीं किया, लेकिन कभी ध्यान ही नहीं दिया कि, यह निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता है।

सेवानिवृत्त के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मयार्दा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था।

**मेरा यह सौभाग्य रहा कि जाने अनजाने में ही सही मैं इस अद्वितीय संगठन से जुड गया हूं।**

धीरे-धीरे, मैं बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया।

'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। 'संकल्प से सिद्धि' किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की और फिर इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है।

मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है। भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है। अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुठ्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित कर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की।

असंख्य कठिनाइयों, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोध और बहुत ही न्यूनतम साधनों के साथ के बावजूद लगन, ये भारत के वीर अपनी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ समर्पण भाव से केवल राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ लगे रहे। भारत को और भारतीयता को बचाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अकल्पनीय है, अनुकरणीय है।

आज जब यह बटवृक्ष बहुत विशाल रुप धारण कर चुका है, तो मुझे लगता है कि यह उन महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग तपस्या और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। मैं स्वयं भी एक सैनिक हूं,और निस्वार्थ सेवा, सेवा परमोधर्म, त्याग, बलिदान के अर्थ भली-भांति समझता हूं, लेकिन जो राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रदर्शित करते हैं उसके लिए शायद कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह एक उत्कृष्ट, अद्वितीय और अनुकरणीय मूल्य हैं जिनको हम शब्दों में नहीं बांध पायेंगे, केवल इसका अनुभव ही कर पायेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार आज राष्ट्र के हर आवश्यक क्षेत्र, जैसे कि आदिवासी और जन जातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, जनसंख्या असुंतलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, विज्ञान और तकनीकी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, कृषि क्षेत्र में सुधार, प्रचार के विश्वसनीय माध्यम, विमर्श निर्माण, शिक्षा पद्धति का भारतीयकरण, क्रीडा विकास, नागरिक कर्तव्य, नक्सली गतिविधियां पर नियंत्रण पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, व्यक्ति/चरित्र निर्माण, भारतीय विरासत/परंपराओं की रक्षा, पारंपरिक भाषाओं का उत्थान, भारतीय खान-पान में गर्व, राष्ट्रीय तीज त्योहारों को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना , आधार भूत संरचना का विकास, न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण, प्रशासनिक सुधार, रोजगार के अवसर, स्वाबलंबन, पर्यावरण, आत्मनिर्भरता, इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत ही गुणात्मक रूप से हो चुका है। बहुत ही उत्कृष्ट और अकल्पनीय कार्य हो रहा है। भविष्य के लिए भी बिल्कुल स्पष्ट प्रतिमान स्थापित किये जा चुके हैं और उनको प्राप्त करने के लिए पूरी गति से कार्य चल रहा है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण दृष्टिकोण की तरफ में आप सब का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस संगठन में जब आप पूरी तरह से रम जाते हैं, तो आप को स्वयं यह अनुभव होता है कि आप राष्ट्र के सबसे शिक्षित, अनुभवी और त्यागी महापुरुषों के बीच में है। सभी पढ़े-लिखे हैं, अनुभवी है और यह सब अनुभव केवल पुस्तकों से न होकर, जमीन पर जाने से, लोगों से मिल कर, स्वयं अनुभव कर-के और कुछ प्रतिष्ठित और ज्ञानी लोगों से चर्चा करके प्राप्त हुआ है। जब भी आप कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हैं, तो आपको एक बहुत ही रोचक अनुभूति होती है। सादा जीवन उच्च विचार को चरितार्थ करते हुए, यह संगठन और स्वयंसेवक कभी भी, किसी भी उपलब्धि का श्रेय लेने को मुखर नहीं रहते, श्रेय लेना उनका व्यक्तित्व नहीं है। सदैव इनका भाव रहता है राष्ट्र की, मानवता की, पर्यावरण की परिवार की समाज की किस प्रकार सेवा की जा सकती है। सेवा, सहायता, विकास, प्रगति गरीब कल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता ही इस संगठन का मूल मंत्र है और ये भारत के वीर उस पथ पर निश्चल, निडर होकर सदैव आगे बढ़ते जा रहे हैं।

मेरा यह सौभाग्य रहा कि जाने अनजाने में ही सही मैं इस अद्वितीय संगठन से जुड गया हूं। मैं स्वयं अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता हूं कि एक ऐसा संगठन जो भारत, भारतीयता, और भारतीयों के लिए कार्य करती है और राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र प्रथम के अतिरिक्त इसके केंद्रबिंदु में और कोई भी विचार नहीं है, मैं उस संगठन से संबंधित हूं। इस दौरान मैं कुछ अभूतपूर्व महानुभावों से भी मिला जिन्होंने मेरे जीवन को एक सकारात्मक नयी दिशा दी है। मेरे अपने व्यक्तित्व में भी मैं बहुत कुछ सकारात्मक परिवर्तन देख सकता हूं। मैं जितना भी इस संगठन से जुडता जा रहा हूं मुझे उससे भी ज्यादा सुख की अनुभूति होती है। यह मैं समझता हूं कि एक दैवीय प्रवृत्ति है कि आप जब त्यागी, निस्वार्थवादी महानुभावों से मिलते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है और आप अपने-आप सबल होकर इन राष्ट्र प्रेमियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कर भारत को यश और कीर्ति के शिखर पर ले जाने के मार्ग पर प्रशस्त हो जाते हैं।

मैं अपने अदभुत अनुभूति को इसलिए लिख रहा हूं कि जिनके भी हृदय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ भ्रांतियां हैं, वो अवश्य ही इस संगठन से जुड़ें, सभी भ्रांतियां दूर हो जायेंगी और एक नवीन ऊर्जा का निर्माण होगा, जो सकारात्मक होगी और राष्ट्र और व्यक्ति के निर्माण में सार्थक होगी।

**तेरा वैभव अमर रहे मां।**
**हम चार दिन रहें न रहें।**
**भारत माता की जय।**

**(लेखक : पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएस, पूर्व सैनिक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# कुख्यात अपराधी सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह घाघीडीह सेंट्रल जेल में होगा शिफ्ट

**लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग से है जुड़ाव, दर्जनों मामलों में वांछित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कुख्यात गैंगस्टर सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को रामगढ़ जेल से स्थानांतरित कर जमशेदपुर घाघीडीह सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जायेगा। इस संबंध में जेल आइजी के आदेश के बाद विभागीय प्रक्रियाएं तेज कर दी गयी। बताया जा रहा है सुनील मीणा का संबंध लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग से है। सुरक्षा कारणों को देखते हुए उसे रामगढ़ से जमशेदपुर स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है सुनील मीणा विदेश से प्रत्यर्पित होकर झारखंड लौटने वाला पहला अपराधी है। जो राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। उसके खिलाफ झारखंड सहित कई अन्य राज्यों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें जबरन वसूली का प्रमुख आरोप शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उसका नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर फैला हुआ है और वह लंबे समय से फरार था। प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर घाघीडीह जेल में विशेष इंतजाम किए जाने की संभावना है। हाई-प्रोफाइल शिफ्टिंग को लेकर जेल प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रही है।

# बकाया रुपये नहीं मिलने पर मासूम का अपहरण किया, एक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बिष्टूपुर थाना क्षेत्र के रामदास भट्ठा ग्वाला बस्ती निवासी 6 वर्षीय आरिश गद्दी के अपहरण का पुलिस ने खुलासा कर दिया।मामला आपसी रंजिश और बकाया रुपये को लेकर था। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया आरिश के पिता फिरदौष गद्दी के यहां काम करते थे। जिनका बकाया भुगतान नहीं किया गया था। इसी कारण शेख इशादुल हक सहित तीन लोगों ने अपहरण की साजिश रची। मामले में शेख इशादुल हक को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया यह घटना बदले की भावना से की गयी थी। इसकी निगरानी स्वयं कर रहे थे। बिष्टूपुर थाना प्रभारी की भूमिका भी इस केस में अहम रही।

# छठ की तैयारी को लेकर सक्रिय हुआ बिरसा मुंडा खेल एवं सामाजिक विकास संस्थान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर बिरसा मुंडा खेल एवं सामाजिक विकास संस्थान सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को संस्थान के सदस्यों ने एमजीएम थाना क्षेत्र के एनएच-33 स्थित शंक्तिपदो तालाब का निरीक्षण किया। जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा के लिए एकत्रित होते हैं।संस्थान के सदस्यों ने तालाब परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण किया।सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की। सदस्यों का कहना है छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जायेगे। तालाब की सफाई, घाटों की मरम्मत, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य जरूरी उपायों को प्राथमिकता दी जाएगी।मौके पर दुलाल चंद्र दत्ता, प्रहलाद गोप, हरेन सिंह, सनातन महतो, राजेश कुम्भकार और देवजीत सेन सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से भी सहयोग की अपील की। ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। संस्थान का यह प्रयास स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के बीच सराहना का विषय बना हुआ है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घंटे रहा सड़क जाम

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** चाईबासा सदर प्रखंड के बाईहातु गांव में एनएच 75 पर दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय विजय पान की मौके पर ही मौत हो गयी। विजय पान क्रशर प्लांट में चौकीदार थे और होटल से चाय पीकर सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे तीन घंटे तक यातायात ठप रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। मौके पर प्रशासन ने परिजनों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## कपाली में हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर कपाली ओपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद इरशाद नामक युवक को अवैध लोडेड पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी डांगोडीह कपाली का निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी इरशाद हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस के अनुसार इरशाद का आपराधिक इतिहास भी रहा है।इस सफलता के लिए प्रभारी धीरंजन कुमार, पुअनि रंजीत कुमार सिंह, सअनि बशीर खां, सअनि मनोज मिश्रा सहित पूरी टीम को बधाई दी गयी।

# कला उत्सव में 'दिव्य रत्न' को एकल गायन में प्रथम पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस गर्ल्स साकची की 11वीं के छात्रा दिव्य रत्न ने जिला स्तरीय कला उत्सव 2025-26 में संगीत एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त की। विद्यालय की प्राचार्या मंजू सिन्हा ने उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूर्व में दिव्य रत्न को ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर, बिहार सरकार, और कला मंत्रालय द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। आकाशवाणी और दूरदर्शन की बाल कलाकार दिव्य रत्न कुमारी किरण और डॉ राजेश कुमार लाल दास की सुपुत्री हैं। वे मोनिका दत्ता और ऑनलाइन माध्यम से कौशिकी चक्रवर्ती से संगीत शिक्षा प्राप्त कर रही। दिव्य रत्न ने ठुमरी, कजरी, भजन, गजल, लोकगीत समेत कई विधाओं और मैथिली, भोजपुरी, बांग्ला, ओड़िया, मराठी जैसी भाषाओं में गीत गा चुकी हैं। छठ पर्व पर उनका पहला एल्बम भी जारी हो चुका है। उन्हें सरकार योग अकादमी और एकलव्य फिल्म अकादमी द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

# लायंस क्लब ने अमिताभ बच्चन का जन्मदिन मनाया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का जन्मदिन साकची स्थित कार्यालय में केक काटकर धूमधाम से मनाया। शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन अशाके खंडेवाल, विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन भरत सिंह, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सारिका सिंह और लायन सुचित्रा रूंगटा उपस्थित रहे। लायन अशाके खंडेवाल ने कहा अमिताभ बच्चन केवल अभिनेता नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और अनुशासन के प्रतीक हैं। लायन सारिका सिंह ने उन्हें मेहनत, समर्पण और विनम्रता का आदर्श बताया। क्लब अध्यक्ष लायन अंजुला सिंह ने कहा महानायक की प्रेरणा से क्लब समाज सेवा में और अधिक सक्रिय रहेगा।मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया और अमिताभ बच्चन के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।इस अवसर पर अवनीत रूंगटा, सुधीर पांडे, राजेश सिंह, राहुल सिंह, राजू गोराई, डॉ. जीया, गोपी सिंह, रामकुमार शर्मा समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध दुकान निर्माण पर बवाल, भारत आदिवासी पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल परिसर में हो रहे अवैध दुकान निर्माण को लेकर भारत आदिवासी पार्टी पश्चिमी सिंहभूम ने विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। पार्टी के उपाध्यक्ष तुरी सुन्डी ने अनुमंडल पदाधिकारी और सदर चाईबासा को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया प्रशासन ने वर्षों से अस्पताल परिसर में रह रहे अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों की झोपड़ियों को अतिक्रमण बताकर हटा दिया। लेकिन अब उसी जगह बिना प्रक्रिया अपनाए बाहरी लोगों को दुकान निर्माण की अनुमति दी जा रही जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा यदि दुकान निर्माण आवश्यक था, तो पहली प्राथमिकता स्थानीय विस्थापित विशेषकर आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के लोगो को मिलनी चाहिए थी। पार्टी ने झारखंड में बाहरी प्रभाव के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, महिला सहित तीन घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पुनर्वास में शुक्रवार की शाम दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान पुनर्वास निवासी द्वारिका साह पिता महजर साह (96) उनके पुत्र कामेश्वर साह और पत्नी सुलखन देवी के रूप में हुई है। सभी को ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर रूप से घायल कामेश्वर साह को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत घायल सुलखन देवी ने बताया कि उसके गोतिया के साथ जमीन विवाद में पूर्व से ही केश चल रहा रहा था। विवादित जमीन पर खेती करने के उद्देश्य से गोतिया खेत की साफ सफाई कर कचरा को जलाकर जमीन पर जोत कोड करने की फिराक में था। जब खेत में लगे कचरा को जलाने से मना करने गए तो आरोपी सालधनी साह, बालधनी साह और उसके परिवार के अन्य सदस्य गाली गलौज करने लगे। इसी बीत उन लोगों ने लाठी, टांगी और कुदाल लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। उधर, खबर पाकर एएसआई नारायण प्रसाद अस्पताल पहुंचकर घायलों से जानकारी ली।

### डीसी ने किया मेराल प्रखंड का औचक निरीक्षण, विभिन्न योजनाओं-आंगनबाड़ी केंद्रों का लिया जायजा

# 15वें वित्त की योजना में अनियमितता पर कोऑर्डिनेटर और जेइ से मांगा स्पष्टीकरण

**आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर असंतोष, सेविका- सहायिका से भी मांगा स्पष्टीकरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी दिनेश यादव ने शनिवार को मेराल प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मेराल प्रखंड सह अंचल कार्यालय, पढ़ूवा पंचायत भवन, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पढ़ूवा पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


मेराल में लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होते डीसी दिनेश यादव।

निरीक्षण के क्रम में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के कार्य में लापरवाही एवं असंतोषजनक स्थिति पाई गई। डीसी ने पाया कि योजना स्थल पर कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। प्रखंड समन्वयक एवं कनिय अभियंता सही जानकारी देने में असमर्थ रहे। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों को फटकार लगाई और मेराल प्रखंड के 15वें वित्त के कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा एवं कनिय अभियंता आनंद कृष्ण से स्पष्टीकरण मांगा। निर्देश दिया कि स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान, आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ूआ के निरीक्षण के दौरान सेविका एवं सहायिका उपस्थित पाई गईं, पर मात्र पांच बच्चे ही उपस्थित थें। इससे स्पष्ट हुआ कि केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। पूछताछ के दौरान सेविका शर्मीला देवी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकीं। केंद्र की स्थिति देखकर डीसी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण का आधार हैं, इनकी अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सेविका शर्मीला देवी एवं सहायिका विमली देवी से स्पष्टीकरण मांगा है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहबरिया में पठन-पाठन की स्थिति संतोषजनक पाई। छात्रों की उपस्थिति अच्छी थी, मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार खिचड़ी तैयार हो रही थी, सभी छात्र यूनिफॉर्म में तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे। जबकि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पढुवा में जांच के दौरान सभी शिक्षक तो उपस्थित पाए गए, लेकिन विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने बताया कि जो शिक्षक गढ़वा से आते हैं, वे पूरे दिन विद्यालय में रहते हैं, जबकि स्थानीय पारा शिक्षक केवल उपस्थिति दर्ज कर अपने निजी कार्यों में चले जाते हैं और शाम में पुनः विद्यालय में आकर उपस्थिति दर्ज करते हैं। डीसी ने इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को इसकी सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डीसी ने मनरेगा के तहत चल रही मेड़बंदी योजना का भी स्थलीय निरीक्षण किया। वे धान से भरे खेतों के बीच पगडंडी पर पैदल चलकर कार्य स्थल तक पहुंचे और वहां किए जा रहे कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। उन्होंने कार्यरत मजदूरों से भी बातचीत की और समय पर मजदूरी भुगतान एवं कार्य की निगरानी से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

**किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी**

**उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि जिले में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसेवाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

## आरके पब्लिक स्कूल में 42 छात्रों को किया गया सम्मानित



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित कराटे, राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम में शानदार उपलब्धि के लिए 42 छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य केआर झा ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राजेश कुमार पांडेय और कराटे प्रशिक्षक ग्रैंड मास्टर मनोज संसाई ने भी उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। झारखंड सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त शीटो रियो कराटे 2 फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कराटे बेल्ट ग्रेडिंग में स्कूल के 4 छात्रों ने ऑरेंज-ग्रीन बेल्ट हासिल की। इनमें प्रतिज्ञा कुमारी (4ए), हिमांशु कुमार यादव (4ए), अभिराज द्विवेदी (3ए) और जय प्रकाश यादव (3ए) शामिल हैं। इसके अलावा खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो में भी स्कूली खिलाड़ियों ने पुरस्कार जीता। इनमें गोला फेंक में रिया कुमारी (कक्षा 8), पुष्पलता कुमारी (कक्षा 10), साक्षी कुमारी (कक्षा 10), दिव्यांशी कुमारी (कक्षा 10), कबड्डी में संस्कार कुमार (कक्षा 8), अभ्या कुमार (कक्षा 8), अतुल कुमार (कक्षा 9), उज्ज्वल कुमार (कक्षा 9), आकाश कुमार (कक्षा 9), पुष्पलता कुमारी (कक्षा 10), सगुन कुमारी (कक्षा 10) और अनन्या वर्मा (कक्षा 9) आदि शामिल रहे। प्रधानाचार्य ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, प्रसिद्ध शिक्षाविद्, समाजसेवी और स्कूल के निदेशक अलख नाथ पाण्डेय ने भी विजेता छात्रों को बधाई दी।

## होंडा शो रूम में ताला तोड़कर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के नेनुआ मोड़ स्थित होंडा शो रूम में हुई चोरी की घटना में शामिल आदित्य गुप्ता को 24 घंटा के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि शो रूम में चोरी की घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आदित्य प्रसाद को उसके घर से चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया गया। बता दें कि शोरूम के प्रोपराइटर पीयूष कुमार द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आदित्य प्रसाद की पहचान कर 10 हजार नगद एवं एक लैपटॉप चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में करियर काउंसलिंग का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट(10+2) स्कूल में स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्रों की करियर के बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर और मेंटर दिनेश प्रसाद ने किया। अपने संबोधन में निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि करियर काउंसलिंग का फायदा यह है कि शिक्षा प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों को नौकरी के लिए भटकना न पड़े। छात्रों के बीच आत्मविश्वास बढ़ता है। उनकी कल्पनाशीलता, परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण से एक नया अध्याय लिखता है। इस तरह के काउंसलर क्लास से विद्यार्थियों में नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। इसके लिए विद्यार्थियों को अपना रिज्यूम बनाने, इंटरव्यू स्किल्स को निखारने और प्रोफाइल के अनुसार नौकरी के अवसरों की पहचान करने में मदद करते हैं। वहीं, विशिष्ट परामर्शदाता दिनेश प्रसाद ने कहा कि करियर काउंसलिंग का मतलब एक पेशेवर मार्गदर्शन प्रक्रिया है, जिसमें एक विशेषज्ञ किसी व्यक्ति को उसकी रुचियां, क्षमताओं और व्यक्तित्व के आधार पर सही करियर विकल्प चुनने में मदद करता है। इसमें व्यक्ति को अपने करियर लक्ष्यों को स्पष्ट करने, उपलब्ध विकल्पों को समझने और सही निर्णय लेने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, नीरा शर्मा, खुर्शीद आलम आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कमीशन के चक्कर में सरकारी अस्पतालों में लिखी जा रही बाहर की दवाएं



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सरकारी अस्पतालों से बाहर की दवाई लिखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। आरोप है कि भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में मरीजों को प्रतिदिन हजारों रुपए की बाहर की दवाई लिखी जा रही है। दवाई लिखने वाले चिकित्सक प्रतिमाह निजी मेडिकल दुकान संचालकों से कमीशन ले रहे हैं। ताजा मामला शनिवार का है, जहां अस्पताल के ओपीडी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक सूर्यकांत रजक ने कमीशन के चक्कर में भवनाथपुर मकरी के महिला मरीज को सरकारी अस्पताल की जगह पर्ची पर ब्रांडेड दवा लिख कर अस्पताल के सामने अशोक मेडिकल दुकान से लाने का दबाव बनाया। बुजुर्ग महिला मरीज सुनरकली देवी के पुत्र शशिकांत यादव ने बताया कि शनिवार को वे अपनी मां सुनरकली देवी का इलाज कराने सीएचसी भवनाथपुर आया था। वहां ओपीडी मरीजों को देख रहे चिकित्सक सूर्यकांत रजक ने अस्पताल की पर्ची पर ब्रांडेड दवा लिखकर ब्लॉक गेट के सामने स्थित अशोक मेडिकल दुकान से उक्त सभी दवाई लेने को बोला। लेकिन वह थाना मोड़ स्थित संजीवनी मेडिकल दुकान से दवा लेकर उक्त चिकित्सक को दिखाने गया तो वह नाराज हो गये। कहा कि जिस दुकान से दवा लेने को बोला था वहां से नहीं लाये तो इस दवा के बारे में कुछ नहीं बताऊंगा। मरीज के परिजन उक्त चिकित्सक के इस अमानवीय व्यवहार से हतप्रभ रह गए। उधर, इस संबंध में पूछने पर चिकित्सक सूर्यकांत रजक ने कहा कि अशोक मेडिकल में दवा उपलब्ध थी, इसलिए मरीज को उस दुकान से दवा लेने को कहा था।

## पेशका उच्च विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट एवं रांची हाईकोर्ट झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मनोज प्रसाद और सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देशन में शनिवार को मेराल प्रखंड के पेशका उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सात पारा लीगल वॉलेंटियर के सदस्यों द्वारा लिगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहम्मद नियाजउद्दीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने की। कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य हैं। अनुशासन में रहकर नियमित शिक्षा अध्ययन करें और अपना लक्ष्य हासिल करें। नशा से दूर रहें और पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी लोग वृक्ष लगाकर उसे बचाएं। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का गठन 1987 को हुआ था। उसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है जो लोग छोटे-छोटे घरेलू झगड़ों में अपना समय एवं रुपया की बबार्दी करते हैं उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता देने के लिए विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के अलावा मातृत्व वंदना योजना की भी जानकारी दी। वहीं, पीएलबी यशवंत मिश्रा ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 एवं महिला के साक्षरता बढ़ाने पर बल दिया। कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। इस पर रोक लगना चाहिए। हम सबका कर्तव्य है इसमें आप सभी बच्चों को भी जागरूक होने की जरूरत है। पीएलवी संगीता सिन्हा ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए छात्राओं को अपने घर समाज में बाल विवाह पर रोक लगाने की जरूरत है। पीएलवी दीपक कुमार ने कहा कि गांव में अनाथ बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी। वहीं, पीएलवी मोहम्मद कलामुद्दीन ने कहा कि आज हमारा समाज गरीबी और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। समाज में सबको जीने का समान अधिकार है।

## वर्षों से फरार वारंटी सुखदेव भुइयां को पुलिस ने दबोचा



**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कानूनी से आंखें चुराकर वर्षों से फरार चल रहे एक वारंटी को धुरकी पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी सुखदेव भुइयां के रूप में हुई है। वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। लेकिन पुलिस की सटीक रणनीति और गुप्त सूचना ने उसे कानून के शिकंजे में ला दिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि पुलिस को विभिन्न कांडों में आरोपी सुखदेव भुइयां के ठिकाने की विश्वसनीय सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए योजनाबद्ध तरीके से छापामारी की और दबोच लिया। बताया कि सुखदेव भुइयां पर कई अलग-अलग मामलों में वारंट जारी था। वह लगातार न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग नहीं कर रहा था, जिस कारण पुलिस उसकी तलाश में थी। पुलिस ने गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक कानूनी पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत (जेल) में भेज दिया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन, रांची झालसा के मार्गदर्शन और गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को रंका के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रखंड पीएलवी कैमुद्दीन अंसारी और मानपुर पंचायत के पीएलवी अमरेन्द्र कुमार की ओर से नशा मुक्ति, बाल विवाह, बाल मजदूरी, यौन हिंसा, बाल व्यापार, डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा, प्राकृतिक आपदा एवं साइबर क्राईम से जुड़े विषयों पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएलवी कैमुद्दीन अंसारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा, पर्यावरण, बाल विवाह, बज्रपात, शर्प दंश आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए हमेशा सावधान रहना चाहिए। वहीं, पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में छात्राओं को तकनीकी ज्ञान जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, सिलाई कढ़ाई, बुटीक, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जरूरी है। उन्होंने इन क्षेत्रों में करियर बनाने की सलाह दी। वहीं सामाजिक कुरीतियां, भेदभाव, छुआछूत, अंधविश्वास, घरेलू हिंसा एवं मानव व्यापार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए छात्राओं को शपथ दिलाई और जागरूक किया। पिरामल फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर जहूर अंसारी ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी की अनदेखी करना जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए समय रहते हम सब इस बीमारी को समझें और लोगों को भी जागरूक करने का काम करें। इस मौके पर विद्यालय की वार्डेन अनिमा बेक ने पिरामल फाउंडेशन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर शिक्षक एवं काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## आइटीआइ कॉलेज भवन की मरम्मति में बरती जा रही अनियमितता, नाराजगी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत अंतर्गत झगराखाड़ स्थित आईटीआई कॉलेज भवन की मरम्मत कार्य चल रही है। जिसमें बड़े पैमाने पर बरती जा रही अनियमितता की खबर पाकर शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीण मुखिया प्रतिनिधी राजेश्वर पासवान, सुनील यादव, लालमोहन यादव, देवधारी राम, विनय प्रजापति, शिवनंदन मेहता, विनय यादव, धनंजय मेहता, कमलेश, अवधेश यादव, सूर्यदेव ठाकुर, हलकन यादव आदि ने बताया कि मरम्मती कार्य में सबसे पहले आईटीआई कॉलेज परिसर की चाहरदिवारी का निर्माण करना था, लेकिन संवेदक द्वारा भवन रिपेयरिंग का काम चालू कर दिया गया है। दीवार का बिना प्लास्टर तोड़े ही उसी पर प्लास्टर किया जा रहा है। मिट्टीयुक्त दोयम दर्जे के बालू का उपयोग कर जैसे-तैसे कार्य कर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कहा कि भवन में पुराने वायरिंग ही लगे है। टूटे छज्जे और दीवार पर सीमेंट का घोल छिड़ककर और प्लास्टर कर खानापूर्ति की जा रही है। निर्माण कार्य में पानी नहीं पटाया का रहा है। सीमेंट की मात्रा भी काफी कम दी जा रही है। जबकि भवन मरम्मत कार्य ग्रामीण विकास विभाग के गढ़वा विशेष प्रमंडल की ओर से दो करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर पासवान ने डीसी से मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण मरम्मति कार्य कराने की मांग की है। कहा कि अगर उक्त कॉलेज की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए बाउंड्री का निर्माण नहीं कराया गया तो एक सप्ताह के बाद सभी ग्रामीण कॉलेज परिसर में धरना पर बैठेंगे।

## डंडइ की रुकसार खातून बनीं प्रखंड टॉपर



**डंडई/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड की छात्रा रुकसार खातून ने 21वीं जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रखंड टॉपर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की ओर से आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों के चयनित विद्यालयों से करीब चार हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रुकसार खातून तसरार कॉन्टिनेंटल पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं, जो आजाद हिंद एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित है। बेहतर प्रदर्शन के लिए रुकसार को समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के सचिव मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, शांति निवास उच्च विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रौशना और समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक वसीम अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उसे अवसर देने की जरूरत है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/30/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत हेठपोचरा के ग्राम पोचरा में देवी मंडप से कब्रिस्तान तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 24,99,700 | 50,000 | 5,000 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 363930 Rural Development (25-26)_D

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिले के निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मत्स्य बिक्रेता जो सड़क किनारे, चौक–चौराहों, बाजार, हाट आदि जगहों पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के "मत्स्य विपणन योजना" के राज्यादेश संख्या 23 रा0(वि0) दिनांक 06.10.2025 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड / जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्यों को अधिकतम विभागीय अनुदान 60 प्रतिशत् पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन तथा खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं को मछली बिक्री किट उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 25.10.2025 तक निम्नलिखित रूप से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क0 सं0 | समग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | | योजना हेतु अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | लघुशीर्ष 796 | लघुशीर्ष 789 | |
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | विभागीय अनुदान 60 प्रतिशत् अथवा अधिकतम मो0 4.80 लाख रू0 (दोनों में से जो कम हों) | 01 | 00 | 1. लाभुक द्वारा कम से कम 8 .00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो। लाभुक अपनी इच्छा से चार पहिया भार वाहक वैन क्रय कर सकेंगे। 2. आवेदक /आवेदक समि ति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली का बीज का परिवहन करती हो। 3. आवेदक /आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। |
| 2 | मत्स्य विपणन किट हेतु अनुदान | 14250.00 प्रति कीट /इकाई | 12 | 05 | 1. शहरी क्षेत्र के मत्स्य बिक्रेता जो सड़क किनारे, चौक–चौराहों, बाजार, हाट आदि जगहों पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं वे मछली बिक्री किट का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं। |

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों/खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है जिसे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। मत्स्य लाभुकों / विक्रेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. आवेदक / आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो उन्हें विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण एवं फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जाएगा, कि आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है। मछली बिक्री किट हेतु खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं को आवेदन के साथ फोटो संलग्न करना होगा।
3. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. चार पहिया भार वाहक वैन का निबंधन कराने एवं निर्धारित कर / शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा स्वयं किया जायेगा। लाभुकों का चयन इस प्रयोजनार्थ गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 363882 Fish(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# तिहरे हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग बरटोली में अंधविश्वास के कारण 9 वर्षीय मासूम समेत तिहरे हत्याकांड का पुलिस ने वारदात के दो दिनों के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस विभत्स हत्या कांड में शामिल तीन अभियुक्तों सुखनाथ नगेशिया (26 वर्ष), बिंदेश्वर नगेशिया (21 वर्ष) और संचरवा नगेशिया (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। हथियारों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा कुदाल, पत्थर और खून से सने कपड़े बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि घटना 8 अक्टूबर की मध्यरात्रि में हुई थी, जब केकरांग बरटोली निवासी लक्ष्मण नगेशिया (47 वर्ष), उनकी पत्नी बिफनी नगेशिया (47 वर्ष) और पुत्र रामविलास नगेशिया (लगभग 9 वर्ष) की निर्मम हत्या अज्ञात अपराधियों ने कर दी थी। इस संदर्भ में शनिवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया है। एसपी ने कहा 9 अक्टूबर को पेशरार थाना को घटना की जानकारी मिली। तत्काल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) किस्को आइपीएस अधिकारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में एसआइटी टीम गठित किया गया। फोरेंसिक टीम को भी रांची से बुलाकर घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच करायी गयी। 10 अक्टूबर को डॉग स्क्वाड द्वारा सघन जांच की गयी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुख्ता सबूत मिले। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि मृतका बिफनी नगेशिया ओझा-गुणी और झाड़-फूंक का कार्य करती थी। उन्हें अंधविश्वास था कि उसके कारण ही उनके घरों में गर्भपात और बीमारियां हो रही थीं। प्रतिशोध की भावना में तीनों ने मिलकर पूरे परिवार की हत्या की योजना बनाकर उसे अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

छापेमारी टीम में एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर, थाना प्रभारी पेशरार बिरेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बगडू दिनेश कुमार, थाना प्रभारी महिला थाना जेनी सुधा तिग्गा सहित कई पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अंधविश्वास में दिया वारदात को अंजाम : एसपी

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि केकरांग की घटना अंधविश्वास के कारण हुई है। हत्या के आरोपी की पत्नी का जब मिसकैरेज हुआ तो इसकी जिम्मेदारी मृतिका मानते हुए वारदात को अंजाम दिया गया। एसपी ने कहा अंधविश्वास की जड़ गहरी है। शिक्षा और जागरूकता से इस पर नियंत्रण किया जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में अंधविश्वास दूर करने के लिए पुलिस भी भागीदारी निभायेगी।

# टोरी रेलवे साइडिंग में गोलीबारी की घटना में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

छापेमारी में एक देसी पिस्तौल, 8 एमएम का जिंदा कारतूस, दो सुतली बम और तीन मोबाइल फोन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस को संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफत मिली है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता में लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के अपराधी जो गत पांच अक्टूबर को टोरी रेलवे साइडिंग में गोलीबारी एवं बमबारी की घटना को अंजाम दिया तज। उसी गैंग के अपराधियों ने चंदवा प्रखंड में ग्राम परसाही के डगडगी पुल के पास इकट्ठा होकर अन्य जगहों पर घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर परसाही के पास डगडगी पुल के पास छापामारी किया गया, जहां पर गैंगस्टर राहुल दुबे गैंग के दो सदस्य अवधेश यादव और उपेंद्र यादव को पिस्तौल एवं बम के साथ गिरफ्तार किया गया। आगे बताया कि दोनों के आपराधिक इतिहास के साथ साथ पांच अक्टूबर की घटना में शामिल को स्वीकार की भी जानकारी दिया है।

वही कहा कि कार्यरत एनटीपीसी के एक कमी को गोली लगी थी उसमें यह दोनों अपराधी शामिल थे। इनके अलावे उस घटना में साजन अंसारी उर्फ संजू भी शामिल था, जिसकी तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल 8 एमएम का जिंदा कारतूस दो सुतली बम व तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, अजीत कुमार, राकेश कुमार महतो, श्रवण कुमार, सरोज कुमार सिंह और चंदवा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रतुल शाहदेव पहुंचे नगड़ा, जहां जंगली हाथियों ने फसल बर्बाद किया था

# दो दिन बाद भी वन विभाग के पदाधिकारी का घटना स्थल तक नहीं पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल शाहदेव

घटना स्थल पर पहुंच प्रतुल ने वन विभाग के अधिकारियों से बात की, कल नगड़ा गांव जायेगी वन विभाग की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार/ बालूमाथ।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव बालूमाथ प्रखंड के सूदूर ग्राम नगड़ा पहुंचे जहां दो रात पहले हाथियों ने बड़े पैमाने पर फसल की बबार्दी की थी और एक बैल को भी मार डाला था। घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिल कर नुकसान की जानकारी ली। प्रतुल ने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि घटना के दो दिनों के बाद भी वन विभाग की कोई टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। नगड़ा से प्रतुल ने वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और पीड़ित परिवारों को अविलंब उचित मुआवजा की मांग रखा। वन विभाग से ही आश्वासन मिला कि कल ही वन विभाग की टीम नगड़ा गांव जायेगी।

ज्ञातव्य है कि बीते गुरुवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड के द्वारा ने भारी उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार करीब 15-16 हाथियों का दल गांव में घुस आया और खेतों को को रौंद डाला। हाथियों के हमले से कई किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गयी थी और एक किसान तीरथ उर्फ प्रयाग साव के एक बैल को पटककर मार डाला, जबकि जागेश्वर साव के मुर्गी फार्म को भी तोड़ डाला। हाथियों के हमले से हेमंत साव, प्रेम साव, रविंद्र साव, मनोज साव, बाला साव, चौतरी साव, गोवर्धन साव और हरिचंद्र साव सहित कई किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि लक्षण कुशवाहा, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र साव, ओबीसी जिला महामंत्री शिवनारायण साव, प्रवीण साव, गोपाल नाथ शाह देव, आनंद साव, प्रयाग साव, भुनेश्वर साव, नेमा साव ,पंकज साव, प्रकाश साव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### खबर का असर

# जान्हो में स्वयंसेवक पर बीडीओ ने लिया संज्ञान

स्वयंसेवक कालू उरांव लाभुक को बिना बताये मनरेगा के रुपये की निकासी की थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** जान्हो पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुक का मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी का पैसा लाभुक को बिना बताये स्वयंसेवक कालू उरांव के द्वारा निकाल कर गबन करने के मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार ने संज्ञान ले लिया है। उन्होंने कहा है कि स्वयंसेवक के द्वारा लाभुक को बिना बताये गलत तरीके से मजदूरी का पैसा निकालना सरासर गलत है, जिसकी जांच की जायेगी और गलत डिमांड लगाने वाले से रिकवरी कर, उक्त स्वयंसेवक के उपर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए अविलंब लेटर जारी किया जायेगा। बताते चलें कि जान्हों पंचायत के स्वयंसेवक कालू उरांव ने अबुआ आवास के लाभुक बिनोद उरांव का मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी का 21 हजार 996 रुपए स्वयंसेवक खुद का एवं अपनी पत्नी का आइडी तथा अन्य व्यक्तियों का आइडी लगाकर निकाल लिया था और लाभुक के द्वारा पैसे मांगने पर उसे पैसे वापस नहीं दे रहा था। जिसके खिलाफ लाभुक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया था। वहीं समाजसेवी श्यामा सिंह ने स्वयंसेवक कालू उरांव के उपर आरोप लगाया था कि उसके द्वारा जान्हों पंचायत क्षेत्र में कई अन्य लाभुकों के साथ भी भ्रष्टाचार की गयी है। इस मामले पर बीडीओ संदीप कुमार ने उक्त स्वयंसेवक के ऊपर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

## छोटी-मोटी समस्याओं को आपसी सहमति से सुलझायें: थाना प्रभारी



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को अंचल अधिकारी कार्यालय परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अधिकारी संतोष उरांव ने की। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनोज कुमार भी उपस्थित थे। थाना दिवस के दौरान जमीन से संबंधित दर्जनों मामले सामने आये। जिसमे के मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं सीओ ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि प्रत्येक मामले का निष्पादन कागजातों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिसका हक है, उसे उसका अधिकार मिलेगा, और गलत तरीके से तैयार कागजात वालों को भूमि खाली करनी होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान लोग आपसी सहमति से करें, ताकि अनावश्यक विवादों से बचा जा सके।

## स्टेशन परिसर में बनायी गयी सोहराई कलाकृति

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होने के बाद लोहरदगा रेलवे स्टेशन को आधुनिक और हाइटेक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्टेशन का सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। लोहरदगा रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन होता है। प्रतिदिन हजारों यात्री यहां पहुंचते हैं। यात्रियों की सुविधा और स्टेशन की सुंदरता बढ़ाने के लिए रेलवे ने व्यापक बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया है। स्टेशन परिसर की दीवारों को झारखंडी कला, संस्कृति और सोहराय पेंटिंग से सजाया गया है, जिससे स्टेशन की रौनक में चार चांद लग गये हैं। साथ ही यात्रियों के लिए नया यात्री शेड, लिफ्ट, वीआइपी लॉज, एसी वेटिंग रूम, विस्तृत प्लेटफॉर्म, दिव्यांगों के लिए विशेष टिकट काउंटर और रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरे स्टेशन परिसर में 24 हाइटेक सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। इसके अलावा स्टेशन परिसर की सड़कें, कॉरिडोर और पार्किंग क्षेत्र को भी बेहतर बनाया जा रहा है।

# अंचल थाना दिवस पर जमीन संबंधी कई मामले निबटाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** अंचल अंतर्गत अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अंचल थाना दिवस का आयोजन किया गया।

अंचल थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत द्वारा सुनवाई कार्यक्रम में अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी तथा समाधान करने का विश्वास दिलाया दिया गया। सुनवाई के क्रम में जमीन संबंधित मामलों का समाधान भी किया गया तथा अन्य कुछ मामले को अपर समाहर्ता के पास भेजने का प्रस्ताव रखा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उपायुक्त डॉ कुमार ताराचन्द के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को अंचल थाना दिवस का आयोजन अंचल कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसमें अंचल कार्यालय से लेकर प्रखंड व थाना से संबंधित भूमि व अन्य मामले का समाधान संबंधित अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। अंचल क्षेत्र से आये ग्रामीणों गगेया छापर टोली निवासी सोनमइत भगत का स्वीकृत अबुवा आवास योजना के तहत गृह निर्माण जमीन का प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा से जमीन का खाता और प्लॉट मांगा गया। साथ ही सोनमइत भगत से भी जमीन से सम्बंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

वही झलजमीरा निवासी स्व जहीरुद्दीन अंसारी का पुत्र रबुल अंसारी और बन्दे उरांव का पुत्र जयपाल उरांव का जमीन को राजस्व कर्मचारी द्वारा जांच कर जांच प्रतिवेदन मांगा गया है तथा दोनों पक्ष को जमीन का दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी प्रवीण साहू, नितशिखा तिर्की, विशाल सिंह के अलावे रबुल अंसारी, जयपाल उरांव, आनंद उरांव, ब्रजेश उरांव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन पर बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर गांव के समीप शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में बालूमाथ थाना पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। वहीं पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक के किनारे शव जिसका कुछ अंग रेलवे लाइन से सटा हुआ पड़ा मिला है। सूत्रों के अनुसार चितरपुर के ग्रामीणों ने शव मिलने की जानकारी बालूमाथ पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

# भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच आज मनायेगा सूचना अधिकार दिवस

सूचना का अधिकार कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है: शकील अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का 20 वर्ष पूरे होने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा जिला कमेटी ने रविवार को होटल केतकी पैलेस में केक काटकर और लड्डू बाटकर होटल केतकी पैलेस में धूमधाम से सूचना के अधिकार दिवस मनाया जायेगा। मौके पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा के जिला अध्यक्ष जिला संरक्षक जिला सचिव पूरा जिला कमेटी उपस्थित रहेंगे। 12 अक्टूबर 2005 को हमारे भारत देश में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू हुआ था। सूचना कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है। सूचना कानून नागरिकों को सशक्त बनाता है। उन्हें सरकारी तंत्र के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। मंच के जिला अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि सूचना का अधिकार दिवस भारत की सबसे सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जो उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने एवं एक पारदर्शी जवाब दे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## आवास निर्माण के लक्ष्य को लेकर प्रशासन रेस



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आवास निर्माण के लक्ष्य को लेकर प्रखंड प्रशासन रेस हो गया है। हर हाल में आवास निर्माण की लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करना लक्ष्य रखा गया है। इस क्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी प्रत्येक पंचायत सचिवालय में लाभ को के साथ बैठक कर योजना निर्माण को गति देने के लिए प्रयास कर रही है। इस क्रम में भंडरा पंचायत सचिवालय में आवास निर्माण के लाभको के साथ बैठक करते हुए बीडीओ ने लाभूको को सख्त लहजे में कहा की आवास निर्माण की राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करना लापरवाही दर्शा रहा है। जो भी लाभुक आवास निर्माण का राशि ले लिए हैं वह एक सप्ताह के अंदर काम शुरू कर दें। एक सप्ताह के बाद काम शुरू नहीं करने वाले लाभुको पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। लाभुकों का खाता फ्रिज करते हुए राशि वसूली की प्रक्रिया की जायेगी। सरकारी योजना का लाभ मिलने पर योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना लाभुकों के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने भंडरा में चलाया हस्ताक्षर अभियान

वोट चोरी कर बीजेपी सत्ता में आयी है : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शनिवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत के ग्राम उदरंगी और भंडरा पंचायत के ग्राम कसपुर में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए।

मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्रामीणों को वोट के अधिकारों के बारे में बताया और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयोग की द्वारा मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है। बिहार जैसे जगहों में कुछ वोटर्स के नाम भी डिलीट किये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा के लिए एक लड़ाई है। देश में लोकतंत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं। बीजेपी वोट चोरी और केंद्र सरकार जनमत की अवहेलना कर सत्ता में बने रहना चाहती है। कार्यक्रम में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, युवा अध्यक्ष निशीथ जायसवाल, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, विनोद सिंह खेरवार, हरिदास उरांव, भद्र उरांव, चन्द्र उरांव, हसबुल खान, समीम अंसारी, काले उराव, शुक्रा पाहन, लालू उरांव, सोमे उरांव, रंजन उरांव, दानिस अली, कुमार अभिषेक, दया उरांव, सोमनाथ उरांव, मुमताज अंसारी, परमेश्वर उरांव, जसीर अंसारी, घूरती उरांव, सांयो उरांव, गंगा उरांव, शशिकांत उरांव, रमेश उरांव, पिंटू उरांव, प्रदीप उरांव, जयप्रकाश उरांव, रंथु उरांव, प्रतिमा उरांव, शुक्री उरांव, सुखमानिया उरांव, सबिता उरांव, भुटकी उरांव आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने चंदवा में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा चंदवा प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान विकासात्मक कार्यों की प्रगति, शैक्षणिक गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय सासंग का निरीक्षण किया तथा अभिलेख संधारण एवं जनसेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र सिकन्नी एवं आंगनबाड़ी केंद्र सासंग का निरीक्षण के दौरान बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, वजन मापन एवं साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गयी। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविकाओं को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पोषाहार की गुणवत्ता बनाये रखने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम सासंग में संजू देवी के अबुआ आवास का गृह प्रवेश संपन्न कराते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके पश्चात उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लटदाग, चंदवा का निरीक्षण कर दवा उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। आंगनवाड़ी केंद्र लुकुईया में बच्चों के पोषण आहार, प्री-स्कूल शिक्षा एवं टीकाकरण की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों को दी जा रही पोषण आहार, स्वच्छता, उपस्थिति रजिस्टर एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश दिया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी निर्धारित गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाये। आइटीआइ केंद्र चंदवा में उपायुक्त ने प्रशिक्षणरत बच्चों से बातचीत कर प्रशिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चंदवा में छात्राओं से संवाद किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर-पीतांबरपुर का किया निरीक्षण

# दवाओं का संधारण प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं होने पर लगायी फटकार

**अन्य पदाधिकारियों ने लेस्लीगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस शनिवार को नीलांबर-पीताम्बरपुर पहुंची। यहां उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों का बायोमैट्रिक अटेंडेंस, प्रसव कक्ष, मदर केयर, कंगारू मदर केयर, जन्म-मृत्यु निबंधन, टीकाकरण केंद्र, मेडिसिन स्टोर, दंत विभाग, दवा भंडारण, एमटीसी, अटेंडरों के बैठने वाले स्थानों, कोल्ड चेन का जीवन रक्षक दावों की उपलब्धता, प्रसव गृह की स्थिति, जन औषधि केंद्र, बाथरूम की साफ सफाई, बिजली उपकरणों की स्थिति आदि की जांच की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर और कर्मचारियों की उपस्थिती तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।

दवाइयों को प्रोटोकाल अनुसार संधारण नहीं करने पर स्टोर प्रभारी को लगायी फटकार। नवजात शिशु की देखभाल वाले केंद्र को सुदृढ़ करने पर दिया जोर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीसी ने मेडिसीन स्टोर प्रभारी को दवाइयों को उनके प्रोटोकाल अनुसार संधारण नहीं करने पर फटकार लगायी गयी।

दरअसल, यहां दवाइयों की एंट्री रजिस्टर पर पेन के माध्यम से की जा रही थी जबकि सभी को ऑनलाइन मोड में कंप्यूटर पर दर्ज करना था। इसके अलावे नवजात शिशु की देखभाल वाले केंद्र को और सुदृढ़ बनाने को लेकर निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी प्रभारी को यहां वुडन टाइल्स व आवश्यकतानुसार पीवीसी फ्लोरिंग कराने की बात कही। इसी तरह कुछ मेडिकल इक्विपमेंट्स में जंग लग जाने पर डीसी ने इससे बचने तथा इक्विपमेंट्स को नियमित रूप से यूज में रखने की बात कही। शनिवार को डीसी ने सीएचसी का दो घण्टे का निरीक्षण किया, इसमें उन्होंने पर्ची कटवाने से लेकर आपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर राजीव समेत अन्य उपस्थित रहे।

### विभिन्न पदाधिकारियों ने इन केंद्रों का किया निरीक्षण

इसी तरह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार द्वारा सेहरा आयुषमान अरोग्य मंदिर, छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पीएचसी गेठा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पीएचसी बांसडीह, सहायक समाहर्ता द्वारा मुंदरिया व कोइरी पतरा के आयुषमान अरोग्य मंदिर, डीआरडीए निदेशक द्वारा दारूडीह आयुषमान अरोग्य मंदिर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा धनगांव आयुषमान अरोग्य मंदिर, जिला आपुर्ति पदाधिकारी द्वारा चपरना आयुषमान अरोग्य मंदिर और अंचलाधिकारी द्वारा फुलांग एचएससी का निरीक्षण किया गया।

### पदाधिकारियों ने निम्न बिंदुओं की ली जानकारी

सामान्य बुनियादी ढांचा और परिवेश अंतर्गत समग्र स्वच्छता, साइननेज, मरीज प्रतीक्षालय, पेयजल की सुविधा शौचालय का जांच किया गया। सी तरह प्रमुख सेवा वितरण क्षेत्र के तहत ओपीडी परामर्श, फार्मेसी, आवश्यक दावओं की उपलब्धता, लैब,प्रसव कक्ष, आंतरिक रोगी विभाग एवं आपातकालीन कैजुअल्टी का अवलोकन किया गया।

### निरीक्षण के बाद डीसी ने लेस्लीगंज ब्लॉक में सभी पदाधिकारियों संग बैठक कर जांच रिपोर्ट की समीक्षा की

जांच के पश्चात उपायुक्त समीरा एस द्वारा लेस्लीगंज ब्लॉक सभागार में जांच करने वाले सभी पदाधिकारियों संग बैठक किया। इस दौरान सभी पीएचसी एवं एचएससी के जांच प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। इस जांच अभियान का फाइनल प्रतिवेदन तैयार कर विभिन्न केंद्रों के बेहतर संचालन में भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय/बदलाव किया जायेगा।

# मंत्री हफीजुल हसन ने किया छात्रावास भवन का शिलान्यास

**मरकज बरकते अरशद मदरसा परिसर में 2 करोड़ 24 लाख 83 हजार रुपये की लागत से बनेगा छात्रावास**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मधुपुर।** बड़वाद में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने शनिवार को मरकज बरकते अरशद मदरसा परिसर में 2 करोड़ 24 लाख 83 हजार रुपये की लागत से बनने वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मदरसा प्रबंधन समिति और स्थानीय लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सरकार शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, ताकि आने वाला कल न केवल उनका बल्कि समाज का भी उज्ज्वल बने। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अगर शिक्षा से जुड़ेगा तो समाज तरक्की करेगा। सरकार की हर योजना शिक्षा के विकास को समर्पित है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद मौजूद थे। मौके पर अबु तालिब अंसारी, दिनेश्वर किस्कू, मोरिफ खान, मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू, मो सरफराज उर्फ बबलू, मो ताज, आतिक जाफरी, मिडिया प्रभारी समीर आलम, हाजी आबिद हुसैन समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# बेलहर सीट से एनडीए प्रत्याशी घोषित होने के बाद मनोज यादव ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की

**बांका सांसद पर उनके ही पार्टी के प्रत्याशी मनोज यादव ने उठाये सवाल, बोले-छुप-छुप कर खेलने से कुछ नहीं होगा...हिम्मत है तो गिरधारी जी खुद मैदान में आइये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बेलहर विधानसभा के एनडीए उम्मीदवार मनोज यादव ने अपनी ही पार्टी के सांसद (बांका संसदीय सीट) गिरधारी यादव पर सवाल खड़े किये हैं। उम्मीदवार घोषित होने के बाद मनोज यादव शनिवार को देवघर पहुंचे और बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए मनोज यादव ने कहा कि बेलहर सीट पर दिलचस्प लड़ाई है। बांका के जदयू सांसद गिरधारी यादव के पुत्र चाणक्य प्रकाश राजद में शामिल हुए हैं और बेलहर सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बांका सांसद गिरधारी यादव में थोड़ी से भी नैतिकता बची है और राजनीतिक ज्ञान है तो उनको इस्तीफा देकर खुद मैदान में आना चाहिए था। पिता एनडीए में जदयू से बांका के सांसद हैं और बेटा चाणक्य प्रकाश राजद से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पिता-पुत्र मिल क्या चाहते हैं कि 30 साल में जिस तरह बांका जिला, लोकसभा और विधानसभा को लूटे हैं, फिर वही करेंगे। बेलहर की जनता कदापि ऐसा नहीं होने देगी। बेलहर की जनता बांका सांसद और उनके बेटे से एक-एक चीज का हिसाब लेगी।

मनोज यादव ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बांका सांसद ने पार्टी लाइन से हट कर बयान दिया था। इसपर जदयू आलाकमान ने सांसद गिरधारी यादव से शोकाज पूछा है। सांसद ने इसका पूरा जवाब तक नहीं दिया है तो फिर से उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। बांका सांसद को खुली चुनौती देता हूं कि छुप-छुप के खेलने से कुछ नहीं होगा। अगर बांका सांसद में नैतिकता बची है तो खुल कर मैदान में आएं, चाहे जिनके भी पक्ष में आना है। यह लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं है। सांसद का बेटा विधायक थोड़े होगा।

# चेंबर के साथ डीजीपी करेंगे ऑनलाइन बैठक : आनंद शंकर

**ट्रैफिक एवं सैरात तथा पार्किंग के नाम पर रंगदारी वसूलना होगा मुख्य मुद्दा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने बताया 13 अक्टूबर को संध्या 4:00 बजे झारखंड के अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में राज्य के सभी चैंबर अध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक करेंगे जिसमें हर जिले के एस एसपी भी उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी झारखंड चैंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, गढ़वा चेंबर अध्यक्ष बबलू पटवा एवं लातेहार सुशील अग्रवाल को दी है। इस संबंध में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि मेदिनीनगर का मुख्य मुद्दा ट्रैफिक और इन दोनों निगम से सैरात तथा पार्किंग का ठीका लेकर छोटे बड़े व्यवसायियों से रंगदारी वसूलना प्रमुख है जिसे पुलिस प्रशासन को गंभीरता से लेना होगा। श्री शंकर ने इस तरह की बैठक का स्वागत किया है और कहा कि अगर ऐसी बैठक व्यवसायियों के साथ होती रहे तो इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

# गोरे बलहिया में अवैध रूप से संचालित क्रशर सील, संचालक पर एफआइआर दर्ज

**महिला मजदूर की काम करने के दौरान क्रशर मशीन की चपेट में आने से हो गयी थी मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



पोस्टमार्टम कराने आये परिजन।

**रामगढ़ (पलामू)।** रामगढ थाना क्षेत्र के गोरे बलहिया में अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील कर दिया गया। इस संबंध में संचालक चैनपुर नेउरा के अफजल हुसैन एवं एक अन्य के खिलाफ शनिवार को रामगढ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। खनन विभाग की ओर से खनन निरीक्षक हरेंद्र कुमार, जबकि गोरे गांव के गोरख मांझी ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज करायी है। बता दें कि उपरोक्त क्रशर में शुक्रवार को काम करने के दौरान गोरे गांव की 60 वर्षीय महिला मजदूर झलिया देवी की काम करने के क्रम में क्रशर मशीन की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। घटना के बाद मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर फैल जाने के कारण रामगढ पुलिस ने महिला की डेडबॉडी को कब्जे में लिया। महिला झलिया देवी के शव का 24 घंटे बाद शनिवार दोपहर 2 बजे एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम कराने आए परिजनों ने प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। परिजनों का कहना है कि पिछले दो साल से झलिया अफजल हुसैन के अवैध क्रशर पर काम कर रही थी। दोपहर एक बजे मेटेरियल डालने के क्रम में उसकी साड़ी मशीन में फंस गयी थी, जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गयी और इलाज के लिए एमएमसीएच में लाने पर मृत घोषित कर दिया गया। महिला के तीन पुत्र हैं।

इधर, घटना की सूचना मिलने पर खनन विभाग से खनन निरीक्षक हरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और क्रशर को सील करते हुए मौके से गिट्टी, बोल्डर, डस्ट आदि जब्त किया। माइनिंग इंस्पेक्टर ने इस संबंध में रामगढ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी।


## विश्रामपुर राज घाट पर बनेगा गार्डवाल, हुआ शिलान्यास



शिलान्यास करते अतिथि।

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा भेलवा नदी के राज घाट पर गार्डवाल व पहुंच पीसीसी पथ का निर्माण कराया जायेगा। तीन लाख 23 हजार की लगात से बनने वाली उक्त योजना का शिलान्यास शनिवार को किया गया। योजना का शिलान्यास कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव व हेसामुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण कर किया। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद के पूर्ण विकास के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मौके राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, अनिल ठाकुर, पेंटर जिलानी, संजय ठाकुर, नन्हे दीक्षित सहित कई लोग मौजूद थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया




विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर सामाजिक सेवा समिति व छठ पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह से मुलाकात कर छः सूत्री मांगों का एक पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की मांगों में छठ घाटों की साफ - सफाई,पहुंच पथ का मरम्मत,प्रकाश की समुचित व्यवस्था,पेयजल व पानी निकासी की समुचित व्यवस्था आदि की मांग मुख्य है। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समय रहते सभी मांगों को पूरा करा दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष गोपाल कुमार सोनी, राजू केशरी, संजय साह, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, बल्लू गुप्ता, विजय पेंटर सहित कई लोग शामिल थे।

## मनातू में आबुआ साथी क्लस्टर स्तर का दिया गया प्रशिक्षण



मनातू (पलामू) (आजाद सिपाही)। जिले के मनातू प्रखंड के अंतर्गत पुराना पसिया स्कूल भवन में 10 से 11 अक्टूबर तक अबुआ साथी क्लस्टर स्तर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में रंगेया एवं चक पंचायतों से कुल 33 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके सामुदायिक दायित्वों की समझ, नेतृत्व गुणों का विकास, ग्राम विकास में आने वाली बाधाओं की पहचान, तथा वंचित परिवारों को मनरेगा, राशन, पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सक्षम बनाना था।पहला दिन लोकगीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एक जीवंत और उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हुआ। मनोरंजक परिचयात्मक गतिविधियों और केस आधारित चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने निर्णय क्षमता, टीम वर्क एवं नेतृत्व गुणों को राष्ट्रीय और स्थानीय नायकों के जीवन से सीखते हुए समझा गया। मौके पर मास्टर ट्रेनर्स राजीव रंजन, रंजना उपाध्याय, पंचायत समन्वयक रविंद्र उरांव, शिव शंकर दास, विकास कुमार, रजनीश उरांव, जयराम उराव, कोसम, राजेश दास, अशोक, रेशमी देवी, प्रमिला देवी, अनिल यादव, नितीश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मनातू थाना क्षेत्र में चला जागरूकता अभियान

मनातू (पलामू) (आजाद सिपाही)। मनातू थाना अंतर्गत अफीम/पोस्ता खेती से प्रभावित गांव मोडधोई में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने सभा कर गांव के महिलाओं, पुरुषों एवं नव युवकों को अफीम/पोस्ता खेती नहीं करने हेतु जागरूक किया एवं अफीम/पोस्ता खेती के स्थान पर वैकल्पिक खेती एवं लघु उद्योग करने हेतु सलाह दिया गया। इस जागरूकता अभियान में थाना के पुलिस पदाधिकारी के अलावा वन विभाग के कर्मी अमरेश पासवान शामिल हुए। वन विभाग के सहयोग से जंगल खाली जमीन का पता लगाकर फलदार पौधे एवं महुआ पेड़ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।

## समता स्कूल जपला में करियर काउंसलिंग का आयोजन



कैरियर काउंसलिंग में शामिल शिक्षक और छात्र-छात्रायें।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के जपला छतरपुर मुख्य पथ के नहर मोड़ के समीप जपला धरहरा स्थित समता स्कूल परिसर में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से की गयी। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने अपने-अपने विचार व सुझाव से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निदेशक डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने अपने विचार से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को सुझाव दिये। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज सिंह, राहुल चौहान, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमला कुंवर, कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे।

# दुकान के सामने गंदगी फैलाने पर होगी कार्रवाई: एलआरडीसी

**दीपावली और छठ पूजा पर विशेष सफाई अभियान को लेकर हुसैनाबाद नपं की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में शामिल एलआरडीसी, एसडीपीओ और अन्य।

**हुसैनाबाद।** दीपावली व छठ पर्व के अवसर पर विशेष सफाई को लेकर शनिवार को नपं कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, पदाधिकारी व नपं कर्मी शामिल हुये। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों की सफाई की स्थिति पर विचार विमर्श की गयी गयी। बैठक में एलआरडीसी गौरांग महतो ने सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने वार्डो की सफाई व्यवस्था से अवगत कराने व सुझाव रखने की बात कही। इसके बाद वार्ड पार्षदों के कथनानुसार सफाई की दयनीय स्थिति उभर कर सामने आयी। कचरा प्रबंधन के लिए सभी वार्डों में वार्ड पार्षदों द्वारा चिन्हित 5-5 जगहों पर डस्टबिन रखने की बात कही। सर्वसम्मति से निर्णय के बाद एलआरडीसी ने कहा कि जो दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने डस्टबिन या सफाई नही रखेंगे उनके खिलाफ मुंशीपल एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। शहर के गांधी चौक पर कचड़ा नहीं फेंकने की अपील की गयी। एसडीपीओ एस मो याकूब ने कहा कि उक्त चौक पर सीसीटीवी कैमरे से कचरा फेंकने वालों पर नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के सहयोग से ही शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर की समस्या समाधान के लिए नपं कर्मचारियों की सक्रियता जरूरी है। लाइट की व्यवस्था, सफाई, स्लैब, जलजमाव आदि समस्याओं पर नजर रखने की जरूरत है। वहीं क्षेत्र की साफ-सफाई में नगरवासियों को भी अपने दायित्वों का निर्वहन करना अति जरूरी है। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, दंडाधिकारी आनंद झा, सीओ पंकज कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद सरिता कुमारी, राजेंद्र पाल, सुदर्शन राम, सुषमा गुप्ता, सुहैल आलम, राज कुमार कश्यप, उमा देवी, अनवर, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश, आशिष, रूपेश और विकास आदि मौजूद थे।

# मुख्य न्यायाधीश गवई पर हमले के खिलाफ अनुसूचित जाति कांग्रेस का देशव्यापी विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुख्य मांगें:** 1. हमले में शामिल अधिवक्ता के खिलाफ तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये। 2. इस कृत्य को गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम - यूएपीए के तहत दर्ज कर कार्रवाई की जाये। 3. भारत सरकार यह स्पष्ट करें कि न्यायपालिका या किसी भी संस्था में जातिगत उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जायेगी।

**देवघर।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई पर हुए हमले की घटना के विरोध में अनुसूचित जाति कांग्रेस ने देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में देवघर जिला में भी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नित्यानंद सेवक के नेतृत्व में अंबेडकर चौक से समाहरणालय गेट तक मार्च निकाला और महामहिम राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय परिसर में अधिवक्ता द्वारा देश के दलित और पहले बौद्ध मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने का कृत्य अत्यंत निंदनीय और जातिगत घृणा से प्रेरित है। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे अनुसूचित जाति समुदाय, देश की गरिमा और संविधान के मूल मूल्यों पर सीधा प्रहार है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया कि भारत की स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी यदि देश के दलित मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय में सुरक्षित नहीं हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आम दलित नागरिक की सुरक्षा की स्थिति क्या होगी।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह घटना 'एक दलित पर चोट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर चोट है।' इस अवसर पर जिला महासचिव गणेश दास, चमेली देवी, कामदेव दास, बैजनाथ मिर्धा, संतोष तुरी, नरेश तुरी, योगेश कुमार, पुरन महारा, राजेंद्र तुरी, जगन्नाथ, मथुरा महारा, रामदेव और जगदेव महारा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवघर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर के अंजली होटल में भारतीय जनता पार्टी देवघर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि यह अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भरता के संकल्प से जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने आगामी 14 अक्टूबर को सांसद मनीष जायसवाल एवं जमुआ विधायक मंजू देवी के आगमन की जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारी में पूर्ण समर्पण से जुटने का आह्वान किया। जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा। वहीं जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रयास है - यह केवल आर्थिक सशक्तिकरण का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि देवघर जिला में भाजपा संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ता जनसंपर्क के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए तत्पर हैं। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव जवाड़े, जिला उपाध्यक्ष कन्हैया झा, प्रज्ञा झा, विजया सिंह, राजीव रंजन सिंह, मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया, बलराम पोद्दार, धनंजय तिवारी, अमृत मिश्रा, अशदेव राजपूत, त्रिपुरारी दास, राजेश मंडल समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुमला में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक, नेताओं-कार्यकर्ताओं को दिये गये कई जरूरी निर्देश

# टीका-टिप्पणी कर कांग्रेस को कमजोर करने वाले पार्टी के लोग सुधर जायें : बंधु तिर्की

### कहा- भाजपा और चुनाव आयोग बने चोर-चोर मौसेरे भाई

### यह सिर्फ वोट की नहीं, पहचान की भी लड़ाई है : सुखदेव भगत

**जो साथी समय देंगे और मेहनत करेंगे, पार्टी उनका सम्मान करेगी : राजनील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को स्थानीय परिसदन में हुई। जिसका नेतृत्व नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने की। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला प्रभारी बंधु तिर्की, पूर्व सांसद सुखदेव भगत, दीपनारायण उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, अकील रहमान, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर आदि मौजूद रहे। बैठक का एजेंडा हस्ताक्षर अभियान, वोट चोरी, संगठन सुदृढ़ीकरण और भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनजागरण पर केंद्रित रहा। अपने संबोधन में बंधु तिर्की ने पार्टी में अनुशासन को लेकर सख्त चेतावनी दी। कहा कि कांग्रेस एक अनुशासित पार्टी है, देश के लिए बलिदान देने वाले दो प्रधानमंत्रियों की पार्टी है। जो लोग टीका-टिप्पणी कर संगठन को कमजोर कर रहे हैं, वे सुधर जाएं। यह प्रदेश प्रभारी का भी आदेश है। कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है, जबकि भाजपा सावरकर और गोडसे की सोच से प्रेरित है। बंधु तिर्की ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के दौरान हर नाम, पता और मोबाइल नंबर का सही रिकॉर्ड दर्ज करें। उन्होंने घोषणा की कि जिले में 15 सदस्यीय कांग्रेस एडवाइजरी कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिप सदस्य और जिला अध्यक्ष शामिल रहेंगे। यह कमेटी जनता की समस्याओं का समाधान करेगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष से कहा कि उनके ऊपर बड़ी जिम्मेवारी है। तीन माह के भीतर संगठनात्मक कमेटी का गठन करें। चौथे महीने इसकी समीक्षा होगी। जिसमें ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि हर पंचायत से एक हजार और पूरे लोकसभा क्षेत्र से साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य है। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर भी तीखा प्रहार किया। कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। राज्य में जहां कांग्रेस का वोट बैंक है। वहीं नाम काटे जा रहे हैं। बिहार में 69 लाख नाम हटाए जाने की साजिश लोकतंत्र पर हमला है। यह वोट चोरी नहीं, संविधान की हत्या है। कहा कि कार्यकर्ता इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव तक जाये और लोगों को बताए कि भाजपा किस तरह लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म करने में लगी है। वहीं, सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह सिर्फ मतदान का सवाल नहीं, संविधान से मिले अधिकार और पहचान की लड़ाई है। भाजपा देश के नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है। पहले मतदाता सूची से नाम काटो, फिर योजनाओं से बाहर करो यही भाजपा का नया खेल है। कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जनता तक यह बात पहुंचानी होगी कि लोकतंत्र खतरे में है। कहा कि भाजपा देश को आर्थिक गुलामी की ओर धकेल रही है। दूसरी ओर, जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कहा कि जो साथी समय देंगे और मेहनत करेंगे, पार्टी उनका सम्मान करेगी। इस मौके पर आशिक अंसारी, मो अकील, सैय्यद खालिद, सन्नी राम, आजाद अंसारी, मो फिरोज, मानिकचंद साहू, आफताब आलम लाडले, मो मीरा, सीता देवी, मुरली मनोहर और अनिरुद्ध चौबे आदि उपस्थित थे।



गुमला में आयोजित कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित जिला प्रभारी बंधु तिर्की, सांसद सुखदेव भगत जिला अध्यक्ष एवं अन्य लोग।

# बच्चों में बढ़ते मोबाइल के इस्तेमाल के कारण बढ़ रहा तनाव : मुरली मनोहर

**गुमला लायंस क्लब ने ऑक्सफोर्ड स्कूल में आयोजित किया मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** लायंस क्लब ने ऑक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों में बढ़ते तनाव पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर लायंस अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि बच्चों में बढ़ते मोबाइल के इस्तेमाल के कारण तनाव बढ़ रहा है। इस पर बच्चे और अभिभावक दोनों को सोचना पड़ेगा। लायंस रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि बच्चे अपने उम्र के हिसाब से अपना ध्यान पढ़ाई, खेलकूद और अपने उद्देश्य के प्रति ज्यादा समय दें, तो तनाव कम होगा। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि आदमी के जीवन में तनाव होने के कारण कई कारण हो सकते हैं। अभिभावक और शिक्षकों को बच्चों पर नजर रखनी होगा, तभी बढ़ते तनाव को कम कर सकते हैं। सचिव लायन योगेंद्र प्रसाद प्रसाद साहू ने कहा कि चिंता करने से मानसिक मानसिक तनाव बढ़ता है। आज गुमला में पढ़ने वाले नौजवान बच्चों में नशापन की आदत दिनों दिन बढ़ रही है। वहीं, राजेंद्र लाल ने बच्चों के अच्छे संस्कार और कर्तव्य के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला और लायंस क्लब की कार्यों की प्रशंसा की। पूर्वअध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हम अपने वास्तविक जीवन से भटक रहे हैं। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चे जो विद्या ग्रहण कर रहे हैं वह समय अनुसार पढ़ाई-लिखाई, सोने-उठाने और समय से भोजन कर लें तो तनाव से बचा जा सकता है। इस स्कूल के प्रांगण में तकरीबन पांचवे क्लास से लेकर 10वीं तक के 300 बच्चे उपस्थित थे। साथ में स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार लाल, वाइस प्रिंसिपल, अधिकारी एवं शिक्षक के अलावा पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, शिव कुमार लाल और रीता लाल आदि उपस्थित थे। वहीं, स्कूल के निदेशक सजीव गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें तनावमुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। लायंस क्लब गुमला ने इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी: बीडीओ

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ दिनेश कुमार ने शनिवार को घाघरा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक कर छात्राओं से मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बीडीओ ने शिक्षकों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्राओं को नियमित रूप से क्लास में उपस्थित रखने और प्रत्येक विषय में अभ्यास पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



उन्होंने विद्यार्थियों से भी संवाद किया और परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति पंजी, स्वच्छता, शैक्षणिक वातावरण एवं आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी करेगी, ताकि आने वाले सत्र में जिले का परिणाम और बेहतर हो सके। इस मौके पर शिक्षा विभाग के बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित कई शिक्षक-शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

## बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और अवसर देना ही सच्चे अर्थों में समाज का विकास है : मुखिया




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कुड़ोछत्रपुर पंचायत के बरगीडांड़ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था। इसमें पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुखिया चुईया कुजूर ने कहा कि बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और अवसर देना ही सच्चे अर्थों में समाज का विकास है। इस अवसर पर मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया और सभी ने यह शपथ ली कि वे बालिकाओं को समान अवसर देंगे। कार्यक्रम का संचालन पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

## एनसीसी 46 बटालियन के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय में शनिवार को 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कैंप में दैनिक रुटीन के तहत फिजिकल प्रशिक्षण दिया गया। विशेष कार्यशाला में महाविद्यालय के पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू का व्याख्यान हुआ। उन्होंने छात्रों से कहा कि हमारे व्यक्तित्व के साकारात्मक विकास के लिए एनसीसी के महत्व को जोर देना होगा। नैतिक शिक्षा, अच्छे चरित्र, अनुशासन और एकता पर विशेष ध्यान दें। तभी हम अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। आज के डिजिटल युग में भी हम अंधविश्वास जैसे कुरीतियों से जकड़े हुए हैं। इन कुरीतियों में डायन बिसाही, जादू टोना, झाड़ फूंक प्रमुख हैं। इसे हम अभी भी समझ नहीं पा रहें हैं और हत्या जैसे घटना अंजाम दे रहे हैं। इन कुरीतियों को मनोविज्ञान को समझना होगा। इसके लिए एनसीसी के कैडेट अपने गांव समाज में अभियान चला कर जागरूकता ला सकते हैं। हम शिक्षा के महत्व को समझे और ऊंचाई तक जाने के लिए मेहनत करें, तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। इस मौके पर सुबेदार श्यामा सुंदर, सुबेदार भोला प्रसाद, सुबेदार जवाहर शाह, सुबेदार लवेश कुमार, सुबेदार रिगचिंग, सुबेदार मनोज बोरों, एचएवी सौरभ कुमार, संजीव कुमार और लखविंदर आदि उपस्थित थे।

## चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप आज गुमला में



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने दी। उन्होंने बताया कि समय पर पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में सूचनाधिकार दिवस का आयोजन आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सूचना का अधिकार (आरटीआई ) का रविवार को 20 साल पूरा होगा। जिसके उपलक्ष्य में गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में सुबह 11.30 बजे से सूचनाधिकार दिवस मनाया जाना है। इस बाबत भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय महासचिव एवं आरटीआई-सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए लोगों से अपील की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** तेलगांव पंचायत के कोनटोली गांव में शुक्रवार की रात एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शंकर प्रधान (30) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार घटना के समय घर में कोई नहीं था। वहीं, मृतक के छोटे भाई दयानंद प्रधान ने बताया कि जब वह देर रात घर लौटा तो शंकर कमरे में रस्सी के सहारे लटका मिला। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सांप काटने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बसुआ दीपाटोली निवासी विजय उरांव (32) की मौत सांप के काटने से हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम विजय उरांव अपने मवेशी को चराने के बाद घर लौटा था। इसके बाद वह घर से कुछ दूरी पर स्थित चापाकल में हाथ-पैर धोने गया। वहीं, झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजनों ने तत्काल उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की मानें तो अस्पताल जाने से पहले ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## लूट के फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने वर्ष 2017 के लूटकांड के फरार आरोपियों खरखा बंबू टोली निवासी धर्मेश उरांव, करमचंद उरांव और प्रेमचंद उरांव के घर के शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। जिसमें निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय पर गुमला न्यायालय में उपस्थित हों, अन्यथा उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डोभा में नहाने के दौरान गहराई में चले जाने से डूबकर बच्ची की मौत

**गुमला। (आजाद सिपाही)। जिले के टोटो थाना क्षेत्र स्थित इररो फटकपुर गांव में शनिवार को एक डोभा में डूबने से अनुष्का कुमारी नामक छह साल की बच्ची की मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही टोटो थाना के एसआई गफार अंसारी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर गुमला सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सक डॉ सुनील राम ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव वापस परिजनों को सौंप दिया। उधर, मृतका की मां सहेदरी उरांव ने बताया कि शनिवार को अनुष्का गांव के स्कूल से लौटने के बाद अन्य बच्चों के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित डोभा में नहाने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी चले जाने से डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पता चला है कि अनुष्का के पिता विनोद उरांव कर्नाटक में मजदूरी करते हैं। अनुष्का अपने तीन भाई-बहनों में बीच की थी।**

# साइबर ठगी का आरोपी मणिपुर से गिरफ्तार

### दो मोबाईल, बाइक, तीन एटीएम, सात विभिन्न बैंकों का पास बुक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के एक मुर्गा व्यवसायी से 10 लाख 75 हजार रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गुमला पुलिस ने एक महीने के भीतर मणिपुर के इंफाल से गिरफ्तार कर लिया। उसे शुक्रवार को गुमला लाया गया। इस मामले में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि शहर के अंबेडकर नगर खड़िया पाड़ा निवासी मुर्गा व्यवसायी अकबर खान के बैंक खाता से 12 सितंबर को 10 लाख 75 हजार रुपए उड़ाने वाले साइबर अपराधी को इंफाल जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के खरासोन माखा से गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम लुकराम दिनेश मैतेई (19) है। पूछताछ के बाद उसे शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि उक्त मामले में पीड़ित अकबर द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करते ही पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष छापामारी दल का गठन किया। इसके बाद अकबर के बैंक खाता से ट्रांसफर हुए खाता का पता लगाया गया। जिसके बाद छापामारी दल मामले का सत्यापन करने मणिपुर के यूको बैंक लालालोन ब्रांच पहुंची। वहां पता चला कि लुकराम दिनेश मैतेई ने अपने सेल्फ चेक के माध्यम से आठ लाख रुपए की निकासी की है। जिसे छापामारी दल ने पकड़ लिया। उससे पूछताछ की गयी तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। जिसके बाद गुमला पुलिस ने आरोपित को न्यायालय इंफाल से ट्रांजिट रिमांड कर गुमला थाना लाया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने कांड में उपयोग किया गया दो मोबाईल, एक बुलेट मोटरासाइकिल, बैंक का सीसीटीवी फटेज, तीन एटीएम, सात विभिन्न बैंकों का पास बुक, चेक और 245 रुपए नगद बरामद किया है।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –30 / 2025–26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 17.10.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 18.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 18.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Toilet Cum bath room & Improvement of W/S and sanitary fittings, Sewerage Work and other Mis. Work at Kali Babu Street CBI Guest House, First Floor, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1141668.00 | 23000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 2. | Renovation of out house toilet and bathroom improvement of water supply and Installation of pressure motor of main building of Circuit House Circular Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1091673.00 | 24000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Improvement of W/S, Renovation of Toilet & bath Room, replacement of damage sanitary fittings & Sewerage Work at Qtr. No. 06/24 Block A New Policeline, Kanke Road, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 681313.00 | 14000.00 | 1250.00 | 1 Month |
| 4. | Seepage Fitting and Fixing of High Purification Capacity Water Purifier Water Cooler and Installation of Water Storage Tank & necessary water supply pipe line Sanitary Fittings and its allied work at Divisional Commissioner Office Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 471153.00 | 10000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 5. | Improvement of W/S Renovation of 2 Nos. of Piyau at Morabadi, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 370565.00 | 8000.00 | 750.00 | 1 Month |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 363905 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

रिक्ति की सूचना

भर्ती कैम्प– 2025 दिनांकः 16 / 10 / 2025

राज्य के बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 16.10.2025, दिन : गुरूवार के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुला मैदान में एक दिवसीय भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है।
भर्ती कैम्प 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Latehar | SFO | 75 | 10th | 12th | Fresher | - | Latehar | 12770/- Fuel+ Incentive |
| 2 | SHRI RAM LIFE INSURANCE COMPNEY LTD. | SALES MANAGER | 02 | 12th | - | - | 18-45 | Latehar | - |
| | | SALES OFFICER | 12 | 10th | - | - | 18-50 | | - |
| 3 | First Fly Corporate Management Services 13, Arch Murli, Waluj, Tq. Gangapur, Dist. Aurangabad, Maharashtra 431136 | APPRENTICESHIP | 200 | Graduate Diploma Graduate 10th/ 12TH | - - - - | - | 18-31 | Out of Jharkhand | - |
| 4 | City Hospital, Latehar | Nursing Staff (ANM/ANM) | 03 | (ANM/ANM) | (ANM/ANM) | - | 20-30 | Latehar | 10000-12000 |
| | | Pharmacist | 01 | Dip. | Dip. | - | 20-35 | | 12000 |
| | | OT Assistant | 01 | Dip. | Dip. | - | 20-30 | | 12000 |
| | | Marketing Executive | 01 | Gradate | Gradate | - | 20-30 | | 15000 |
| | | Total | 295 | | | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प 2025 में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा (2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।
नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।
इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।
दिनांकः 16.10.2025,, दिन : गुरूवार समय : पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे स्थान : जिला खेल स्टेडियम
नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ।।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 363925 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## डीटीओ ने बीएनएस डीएवी स्कूल में परिचालित बसों का किया निरीक्षण



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में परिचालित बसों का निरीक्षण किया। सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में परिचालित बसों की जांच की। निरीक्षण के क्रम में सभी बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पॉल्यूशन एवं चालक-परिचालक से संबंधित अभिलेखों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी वाहनों के आवश्यक कागजात अद्यतन एवं विधिसम्मत हों तथा चालक लाइसेंसधारी और निर्धारित नियमावली के अनुरुप हों। साथ ही सभी बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी उपकरण, प्राथमिक उपचार पेटी, स्पीड गवर्नर, सेफ्टी लॉक एवं परिचालक की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन एवं बस मालिकों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में सभी विद्यालय प्रबंधन को समय-समय पर वाहनों की जाँच करानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा नियमों के अनुरुप ही परिवहन सेवाओं का संचालन हो।

# मामूली विवाद पर अधेड़ की पिटाई, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सुरुंगा कुम्हार टोला से एक दर्दनाक घटना सामने आयी है। इलाके के रहने वाले 55 वर्षीय भुलेश्वर कुम्भकार की पिटाई के बाद मौत हो गयी। परिजनों ने इस मामले में गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पुत्र राजू कुम्भकार ने अलकडीहा ओपी में दिये आवेदन में बताया कि 10 अक्टूबर यानी शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उसके पिता के साथ काम करने वाले फरक महतो ने सूचना दी कि उसके पिता पहाड़ीगोड़ा स्थित राघु महतो के घर के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। जब वह अपनी मां के साथ मौके पर पहुंचा, तो देखा कि राघु महतो, रतन महतो, राघु महतो का पुत्र और चार-पांच अन्य लोग उसके पिता की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। राजू के अनुसार, जैसे ही वे दोनों मां-बेटा वहां पहुंचे, सभी आरोपी मौके से फरार हो गये। घायल पिता को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी रात में ही मौत हो गयी। उसने बताया कि उसके पिता की बाइक से एक्सीडेंट हुआ था, उसी के विवाद में उसके पिता को बुरी तरह से पीटा गया। परिजनों का आरोप है कि राघु महतो और उसके साथियों की पिटाई से ही भुलेश्वर कुम्भकार की मौत हुई है। इस संबंध में अलकडीहा ओपी एसआई अजय महतो ने बताया कि किसी व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 'सामूहिक सतर्कता व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से अधिक शक्तिशाली है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** शनिवार 11अक्टूबर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में 'सामूहिक सतर्कता व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से अधिक शक्तिशाली है' विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 13 विद्यालय के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मणिकांत धान, महाप्रबंधक (जन संपर्क) एवं प्रमुख संचार, डॉ तृप्ति चंद्रा, एसीएमओ (बीजीएच) तथा महिला समिति से ऋचा प्रियदर्शनी (लेखिका एवं सचिव महिला समिति) उपस्थित थे।

अंग्रेजी में संपन्न वाद-विवाद प्रतियोगिता में पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अर्पण कुमार को प्रथम स्थान, चिन्मया विद्यालय के अभिनव पाठक को द्वितीय स्थान तथा सेंट जेवियर्स स्कूल की तृषा सिन्हा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के हर्षित सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

हिंदी के वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल की आकृति मिश्रा को प्रथम, चिन्मया विद्यालय के पियूष कुमार को द्वितीय, पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अयान रजा को तृतीय तथा चिन्मया विद्यालय की इशिता मुखर्जी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (सतर्कता) चित्रा पराशर के द्वारा किया गया।

## पंख एक नई दिशा संस्था ने असहाय महिला को आश्रय दिलाया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पंख एक नई दिशा जरूरतमंदों को रक्त उपलब्धता एवं अन्य सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कार्य कर ही रही है। संस्था ने फिर से असहाय मंदबुद्धि महिला को मिशनरीस में दिलाया आश्रय। पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के प्रयासों से फिर मंदबुद्धि एवं असहाय महिला जो नूतनडीह के समीप कोयला नगर के पास काफी दिनों से बेसुध अवस्था में रोड के किनारे पड़ी हुई थी। वहीं रहने वाले नूतनडीह निवासी निशांत नारायण और रुमा मित्रा का संस्था की अध्यक्ष को फोन आया कि ये अर्धनग्न अवस्था में घूम रही है। इसे आप कही अच्छे से रखवा दें। यह सूचना पाकर पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने वहां पहुंचकर, ऑटो से ले जा कर मिशनरीस में मंदबुद्धि महिला को रखवाया। वो अपना नाम रीता देवी बता रही है। इस असहाय महिला को रखवाने की सारी कागजी प्रकिया पूरी हो गयी। पिंकी गुप्ता ने कहा हमलोग बहुत खुश है फिर इस नेक कार्य का हिस्सा बने और इस महिला को रहने के लिए छत और तीनों वक़्त का खाना और अच्छा इलाज मिलेगा और वहा पर अच्छे से रहेगी। संस्था की ओर से बिस्कुट, केक, सर्फ, साबुन दिया गया। इस मौके पर संस्था के नम्रता गुप्त, मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाज कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालयों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम पर शनिवार को प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय में मुख्य रुप से रंगोली, पोस्टल व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका थीम था बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को लंचबॉक्स, वॉटर बोतल एवं छाता देकर पुरस्कृत किया गया।

## बिना अनुज्ञप्ति संचालित पटाखा दुकानों पर होगी कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दीपावली पर्व के आगमन को देखते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने अनुमंडल पदाधिकारी चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को निर्देश जारी किया है कि जिला अन्तर्गत सभी पटाखा दुकानों की सघन जांच की जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दुकान सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति के बिना संचालित नहीं हो। जांच के दौरान जिन दुकानों के पास वैध अनुज्ञप्ति नहीं पायी जायेगी या जो रिहायशी/ आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री कर रही हैं, उनके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि विस्फोटक नियमावली, 2008 के नियम 84 के तहत अस्थायी पटाखा दुकान हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत की जायेगी। आवेदकों को आवेदन विहित प्रपत्र एइ -5 में भरना होगा, साथ में



निर्धारित शुल्क, स्वहस्ताक्षरित दो अद्यतन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, आधार कार्ड की प्रति शपथ पत्र (स्वप्रमाणित) संलग्न करना होगा। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी चास - बेरमो को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की स्थलीय जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के साथ स्थल चिन्हित करते हुए तीन दिनों के अंदर प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी अस्थायी पटाखा दुकानें सुरक्षित, खुली एवं गैर-आवासीय क्षेत्रो में ही लगायी जाये।

## जेआरडी टाटा ऑडिटोरियम में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता सत्र



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, टाटा स्टील की झरिया डिवीजन ने जेआरडी टाटा ऑडिटोरियम, जामाडोबा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुब्रत दास, चीफ, जामाडोबा ग्रुप द्वारा किया गया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से मानसिक चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन अपनाने की अपील की। बरुण बनर्जी, हेड (सेफ्टी), झरिया डिवीजन, ने सत्र को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न भावनाओं के प्रकारों और उनके व्यक्ति के प्रदर्शन तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया। सत्र के अतिथि वक्ता एलएन अरुण गुजराल और एलएन दिनेश पुरी धनबाद लायंस क्लब से थे। प्रसिद्ध चिकित्सक एलएन अरुण गुजराल ने भारतीय प्राचीन ज्ञान जैसे मुद्रा, एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला, जो तनाव और दर्द को कम करने में सहायक हैं। एलएन दिनेश पुरी ने मानसिक तनाव और विकारों से जूझ रहे व्यक्तियों को सहयोग और सहानुभूति प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा प्रारंभिक परामर्श और मार्गदर्शन को प्रोत्साहित किया। इस संवादात्मक सत्र में कर्मचारियों, उनके जीवनसाथियों तथा यूनियन प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे लगभग 250 लोग लाभान्वित हुए।

## गोमिया में एक बालू माफिया गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला में जहां बालू,कोयला के अवैध कारोबार पर पुलिस को या खनन विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए वहां गोमिया सीओ आफताब आलम की अवैध बालू खनन के विरुद्ध बड़ी कारवाई, टीम गठित कर बोकारो नदी पर छापेमारी करते हुए अवैध तरीके से बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। इस दौरान संबंधित ट्रैक्टर मालिक और चालक भी हत्थे चढ़े। कारवाई के दौरान नदी से बालू का उठाव कर रहे कई अन्य ट्रैक्टर भागने में सफल रहे। सीओ द्वारा पकड़े गये ट्रैक्टर समेत मालिक और चालक को गोमिया थाना को सौंपते हुए लिखित आवेदन देकर संबंधित ट्रैक्टर मालिक और चालक पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया गया। जहां गोमिया पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर लिया वहीं मालिक और चालक की पेशी के लिए तेनुघाट कोर्ट भेज दिया है। इस दौरान सीओ ने अवैध कारोबारियों को कारोबार बंद करने की सख्त चेतावनी दी है।

## आइएसएम कैंपस में पहला कदम के दिव्यांग बच्चों की दीपावली हस्तकला प्रदर्शनी




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित पहला कदम विशेष स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा 11 अक्टूबर शनिवार को आइएसएम कैंपस में सुंदर दीपावली हस्तकला प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आइआइटी आइएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर धीरज कुमार तथा आइएसएम के रजिस्टार प्रबोध पांडे, मनोहर एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आइएसएम के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्टॉल में बच्चों द्वारा बनाये गये आकर्षक दीये, मोमबत्तियां, तोरण, बंदनवार, बास्केट आदि हस्तनिर्मित वस्तुओं को देखकर सभी ने उनकी प्रतिभा की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस दीपावली पर हम अपने घरों को इन्हीं दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं से सजायेंगे, जिससे इनका मनोबल बढ़ेगा और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलेगी। डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर धीरज कुमार ने कहा कि अगर समाज के सभी लोग मिलकर इन विशेष बच्चों की बनाई वस्तुएं खरीदें, तो न केवल उन्हें आर्थिक सहयोग मिलेगा बल्कि बेहतर करने का जज्बा भी बढ़ेगा। इस अवसर पर स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि बच्चे पूरे वर्ष मेहनत कर दीपावली के लिए हस्तकला सामग्री तैयार करते हैं। आप सभी का सहयोग और प्रोत्साहन इन बच्चों के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। अत: सभी लोग स्टॉल में आकर इनका उत्साहवर्धन करें। सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## जामाडोबा डीवीसी के केबल में तकनीकी खराबी से जलापूर्ति ठप

**हरिया/ जोडापोखर (आजाद सिपाही)।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र से झरिया आसपास के क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति हो रही है। शनिवार की सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप थी। विद्युतआपूर्ति जामाडोबा आरएस फीडर और डीवीसी के केबल में तकनीकी खराबी के कारण ठप थी। तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण 12 एमजीडी व 9 एमजीडी जलभंडारण गृह में जल भंडारण का कार्य प्रभावित हो गया। इसके कारण झरिया शहर, भागा, फुसबंगला, जामाडोबा, भौंरा, डिगवाडीह, जियलगोरा, जोड़ापोखर आदि क्षेत्र के लोगों को आंशिक जलापूर्ति की गयी। देर शाम से जल भंडारण कार्य शुरू हो गया। कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि बिजली के कारण प्लांट बन्द था। जल्द क्षेत्र में पानी सफ्लाई होगी।

# आयुष फाउंडेशन ने चलकरी गांव में कपड़ों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/ चलकरी।** सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित आयुष फाउंडेशन धनबाद ने शनिवार को चलकरी गाव में बड़े पैमाने पर कपड़ा वितरण अभियान चलाया। धनबाद और आसपास के क्षेत्रों से इकट्ठा किये गये दान के कारण जरूरतमंदों को कुल मिलाकर लगभग 1200 से अधिक कपड़ों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सेहतमंद सहयोग और स्थानीय समुदाय की भागीदारी का जीवंत उदाहरण रहा। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बुजुर्गों को प्राथमिकता दी गयी। कई परिवारों को पूरे पारिवारिक उपयोग के लिए वस्त्र, स्वेटर और आवश्यक कपड़े मुहैया कराये गये, जिससे ठंड और जरूरत के मौसम में उन्हें राहत मिली। धनबाद और आसपास के अनेक दानकर्ताओं ने खुले दिल से कपड़े उपलब्ध कराये, जिसके कारण इतनी बड़ी संख्या में वितरण संभव हो सका। इस सेवा कार्य में बाबूलाल एम्बुलेंस ने अपने एम्बुलेंस से आवश्यक सहयोग प्रदान किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों तक सामग्री पहुंचाना आसान हुआ। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में आयुष फाउंडेशन धनबाद के अध्यक्ष गणेश शर्मा, सचिव अर्पिता अग्रवाल और बाबूलाल जी का विशेष योगदान रहा। सभी स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। आयुष फाउंडेशन का उद्देश्य केवल वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा और मानवता की भावना को जीवित रखना है। संस्था ने स्पष्ट किया कि हम कर्तव्यों का पालन निष्ठा पूर्वक करते हैं और भविष्य में भी इसी भावना से जरूरतमंदों के बीच सहायता अभियान जारी रखने का संकल्प लिया


**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी०,**
**चाईबासा रोड, खूँटी–835210**

**आवश्यक सूचना**

निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखण्ड के पत्रांक 1938 दिनांक 10.10.2025 में प्राप्त निदेश एवं प्राप्त सूची के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारम्भिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल एवं खूँटी जिला के लिए अनुशंसित स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8 विषय सामाजिक विज्ञान) के संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.10.2025 एवं 16.10.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय खूँटी में काउंसिलिंग की प्रक्रिया की जायेगी। अतः संबंधित सभी अभ्यर्थी उपलब्ध कराये गये काउंसिलिंग हेतु जाँच पत्रक के आलोक में अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य मूल प्रमाण पत्र तथा इनकी तीन सेट में स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

Helpline No- 8051207227, 6207508801

जिला शिक्षा अधीक्षक
खूँटी

PR 363911 District(25-26).D


## उपायुक्त ने मातृत्व शिशु अस्पताल में महिला मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने गर्ल्स डे के उपलक्ष्य में शनिवार को मातृत्व शिशु अस्पताल चैताडीह में पहुंच कर महिला मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना, साथ ही उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपायुक्त ने महिला मरीजों से बात कर अस्पताल में उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने महिला मरीजों के बीच गिफ्ट पैकेट्स का वितरण भी किया। आगे उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को आमजनों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। इसके अलावा उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों यथा बेड की स्थिति, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

## कुम्हार चाक से गढ़ रहे हैं रोशनी की उम्मीद

दीपक कुमार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दीपावली का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, कुम्हारों के चाक की रफ्तार तेज हो गई है। मिट्टी की सोंधी खुशबू के बीच ये कारीगर दिन-रात दीये, खिलौने और घरौंदे बनाने में जुटे हैं। इस काम में उनका पूरा परिवार का शामिल होता है। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी मदद करते हैं। आधुनिक समय में नए-नए डिजाइन और रंगीन दीयों की बढ़ती मांग को देखते हुए कुम्हार भी सधे हाथों से बाजार की मांग के अनुरूप दीए और घरौंदा गढ़ उन्हें आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं। नगर के कुम्हार बहुल क्षेत्रों में में कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों देखने को मिल रहा है। मिट्टी के बर्तनों, दीये एवं खिलौने आदि बनाकर आजीविका चलाने वाले कारीगरों की माने तो मौसम यदि साथ देगा तो इस बार दीपावली में कमाई में कुछ सुधार हो सकता है। वहीं, एक अन्य कारीगर ने बताया कि समय के साथ कुम्हारों ने भी अपने काम में बदलाव किये हैं। वे अब पारंपरिक चाक के साथ-साथ इलेक्ट्रिक चाक का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे काम जल्दी और आसानी से हो रहा है। हालांकि, चीनी झालरों एवं इलेक्ट्रिक दीये से अब भी कड़ी प्रतिस्पर्धा है। कच्चे माल (मिट्टी) की लागत में बढ़ोतरी हुई है। जिससे कमाई पर असर पड़ जाता है। वाबजूद इसके यदि देखा जाए तो लोकल, परंपरागत व स्वदेशी अपनाने को लेकर आम लोगों में आ रही जागरूकता, एवं 'लोकल फार वोकल' की अपील का असर भी दिखाई पड़ रहा है।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा**
Email Id- principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया चतरा में (NCVT) शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।**

डी0जी0टी0 के पत्रांक :– DGT-MIS011/1/2025-0/oDIR(TC)[71015], दिनांक :– 09.10.2025 के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT Round काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है।

Time Schedule for Online counselling & Admission

| Sl. No. | Activity | Till Date |
|---|---|---|
| 01- | SPOT Round Online Admission (Seat Allotment and Admission) | 17-10--2025 |

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में (NCVT) संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटः–

| क्र0सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 01 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 03 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 14 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 29 | आठवीं पास/ मैट्रिक पास |

02. दिनांक–17.10.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में SPOT Round Online Admission लिया जायगा। SPOT Round Online Admission के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जायगा।

नोट :– ऑनलाईन नामांकन संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा मे मो0 नम्बर–7870647337 / 7903622627 / 9334526299 पर सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया
चतरा

PR 363949 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित : मुख्य न्यायाधीश

- टेक्नॉलॉजी शोषण का जरिया बनी, इसके खिलाफ पुलिस को स्पेशल ट्रेनिंग जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआइ) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआइ 'बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है। यह असुरक्षा उन्हें यौन शोषण, उत्पीड़न और अन्य हानिकारक प्रथाओं जैसे कि महिलाओं के शरीर के अंगों को चोट पहुंचाना, कुपोषण, लिंग का चयन कर गर्भपात, तस्करी और उनकी मर्जी के खिलाफ बाल विवाह के अधिक जोखिम में डाल देती है।

जस्टिस गवई ने आगे कहा, उनकी (बालिकाओं) सुरक्षा केवल उसके शरीर की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उनकी आत्मा को आजाद करना भी है। एक ऐसा समाज बनाना है जहां वह गरिमा के साथ सिर ऊंचा करके खड़ी हो सके और जहां उसकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों... हमें उन गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक रीति-रिवाजों का सामना करना होगा और उन्हें दूर करना होगा, जो लड़कियों को उनका सही स्थान देने से रोकते हैं।

रविंद्रनाथ टैगोर की कविता 'व्हेयर द माइंड इज विदाउट फियर' को याद करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह कविता उस भावना को पूरी तरह से व्यक्त करती है, जिसे बालिका की सुरक्षा के लिए हासिल करना जरूरी है। उन्होंने कहा, यह सपना अधूरा रहेगा, जब तक हमारे देश की कोई भी लड़की डर के साए में रहे।

### न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि कुछ राज्यों में महिला भ्रूण हत्या और बालिकाओं की हत्या के कारण लिंगानुपात बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को केवल बचना ही नहीं है, बल्कि जीवन में आगे भी बढ़ना है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सीजेआई गवई और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की मौजूदगी में बात की। जेजेसी सदस्य न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भारत में एक लड़की तभी सही मायनों में बराबर नागरिक मानी जाये गी, जब वह अपने पुरुष समकक्ष की तरह स्वतंत्र रूप से अपने सपने पूरे कर सके और बिना किसी लिंग-आधारित बाधा के समान संसाधन और समर्थन प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि लड़की के जन्म लेने की संभावना, उसे सही पोषण, देखभाल, शिक्षा और सुरक्षित माहौल मिलना, उसका आत्मविश्वास और अपनी मंजिल तक पहुंचने की क्षमता लड़के के बराबर होनी चाहिए। लड़की को केवल बचना नहीं बल्कि आगे भी बढ़ना चाहिए।

नागरत्ना ने बताया कि भारत में लड़की के लिए जन्म लेना ही उसकी सबसे बड़ी बाधा है। कई परिवारों में लड़का पैदा होने की उम्मीद होती है और लड़की होने पर निराशा होती है। उन्होंने कहा कि भारत में 0 से 6 साल के बच्चों में बालिका-पुरुष अनुपात 2011 की जनगणना में 914 से बढ़कर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में 929 हो गया है। हालांकि, कुछ राज्यों में महिला भ्रूण हत्या और बालिका हत्या के कारण लिंगानुपात बिगड़ने की चिंता भी बढ़ी है। लेकिन कई राज्यों में इसमें सुधार भी हुआ है।

# ट्रंप का चीन पर 100% टैरिफ, 1 नवंबर से लागू

- अमेरिका रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहा- चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

एजेंसी



### चीन ने 5 रेयर अर्थ मटेरियल्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाये

चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिये गये। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70% दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90% प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है।

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है। दरअसल, चीन ने 9 अक्टूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नये टैरिफ लगाने की बात कही है। इन नियमों के तहत, चीनी खनिजों या तकनीक का इस्तेमाल करने वाली विदेशी कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। चीन ने विदेशी सेना से जुड़ी कंपनियों को ऐसे लाइसेंस नहीं देने की भी बात कही। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'यह दुनिया के लगभग हर देश के लिए मुश्किल खड़ी करेगा।'

# विदेश मंत्री से मिले अमेरिकी राजदूत

## जयशंकर-सर्जियो गोर के बीच हुई अहम बातचीत

आजाद सिपाही संवाददाता



### मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के साथ भारत-अमेरिका संबंध के वैश्विक महत्व पर चर्चा

विदेश मंत्री जयशंकर ने सर्जियो गोर से हुई मुलाकात के बाद एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'आज नई दिल्ली में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं।'


**नयी दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर और सर्जियो गोर के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। गोर अमेरिका के प्रबंधन एवं संसाधन उप सचिव माइकल जे रिगास के साथ छह दिवसीय यात्रा पर आये हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी सीनेट ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर की नियुक्ति की पुष्टि की है। ट्रंप ने गोर को अगस्त के अंतिम हफ्ते में भारत में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया था। उन्हें दक्षिण-मध्य एशिया का भी जिम्मा सौंपा गया है।

# संभल में फिर होगी बुलडोजर कार्रवाई

## 80 मकानों पर प्रशासन ने लगाए लाल निशान, लोग बोले- यह उनकी निजी संपत्ति

- तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने कहा था कि सरकारी आठ बीघा तालाब को पाटकर अवैध तरीके से 80 मकानों का निर्माण किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता





**संभल।** रायसत्ती थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय में जिन 80 मकानों तालाब की जमीन पर बने होने की बात कहकर अवैध घोषित किया गया है, उसमें प्रशासनिक कार्रवाई में चूक होने का दावा किया गया है। सरायतरीन निवासी पूर्वी वार्ष्णेय ने दावा किया है कि जिस जमीन पर मकान बने हैं वह उनकी आठ बीघा पुश्तैनी जमीन थी।

उनकी दादी हातिम सराय निवासी राम सुनीति देवी ने लोगों को बेची थी। आरोप है कि प्रशासन ने तहसील के रिकॉर्ड चेक नहीं किए और कार्रवाई शुरू कर दी। जबकि यह जमीन निजी है इसका भी आदेश राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। हालांकि प्रशासन की लाल निशान वाली कार्रवाई के बाद लोगों में चिंता है।

तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने कहा था कि सरकारी आठ बीघा तालाब को पाटकर अवैध तरीके से 80 मकानों का निर्माण किया गया है। इसके लिए नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के लिए 15 दिन का समय भी दिया था। इसी क्रम में बुधवार को 40 मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए लाल निशान लगा दिये गये।

जिन लोगों के मकानों पर लाल निशान लगाये गये वह चिंतित हैं। इसी कार्रवाई के दौरान पूर्वी वार्ष्णेय का दावा सामने आया है। पूर्वी वार्ष्णेय ने बताया कि उनकी दादी के नाम 12 बीघा जमीन थी। जो 2009 के बाद लोगों को बेची गई थी। वर्षों तक इस जमीन में खेती होती रही और कुछ हिस्से को लोगों ने मिट्टी की खोदाई से तालाबनुमा बना दिया था।

जब जमीन बेची गई तो वह तालाब भी पाट दिया गया लेकिन निजी संपत्ति में ही तालाब था। प्रशासन ने जो कार्रवाई की है उसके रिकॉर्ड को चेक नहीं किया गया। तहसील में इस जमीन का पूरा रिकॉर्ड दर्ज है। जिन लोगों के मकान हैं उन्होंने बैनामा कराया है।

मकान बचाने के लिए कई परिवार गये हाईकोर्ट

प्रशासन की टीम द्वारा लाल निशान लगाने की कार्रवाई की गयी तो लोगों की चिंता बढ़ गयी। कई परिवार हाईकोर्ट चले गये हैं। याचिका दायर कर दी गयी है। बताया गया है कि सोमवार तो सुनवाई की जा सकती है। हाईकोर्ट में बैनामे की कॉपी लेकर यह परिवार पहुंचे हैं। मकान स्वामियों का कहना है कि जो कागज हैं उनको यहां कोई देखने को तैयार नहीं है। इसलिए हाईकोर्ट में पेश किया जायेगा। वहीं से अब मकान बचाने की आस बची है।

Ethics IVF and Fertility Centre
IVF टेस्ट ट्यूब बेबी
अब आपकी 'नन्ही सी खुशी' का इंतजार होगा खत्म
रजिस्ट्रेशन करने पर पाए IVF पैकेज पर 20% तक की छूट'
आई.वी.एफ OPD मिलें अनुभवी IVF विशेषज्ञ से
प्रत्येक रविवार को
IVF OPD & FREE | ULTRASOUND - FREE
SEMEN TEST - FREE
V.I.P. चौक, देवघर पैलेस V-MART के पिछे दूसरे तल्ला पर, झारखण्ड (814112)
+91 8866 86 5216
+91 7486 07 9830

VACCINE HOUSE वैक्सीन हाउस | Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
- Newborn
- Adult
- Pregnant Woman
- Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
- अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
- 100% ओरिजिनल प्रोडक्टस
- 100% कोल्ड चेन मेंटेन्ड स्टोरेज
- प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
F P
T O Z
L P E D
P E C F D
E D F C Z P
F E L O P Z D
D E F P O T E C
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
- Screening for all types of Eye diseases
- Hearing Aids
- Machine
- All Types of latest & Luxury branded Frame
- Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

TEXMO® Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX® Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Pankaj Kumar Prop.
Festival Offer 20% Off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता | जय माता दी | रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

UC URBAN CLASSES®
URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations!
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH FOREIGN LANGUAGES
★ FRENCH
★ SPANISH
★ RUSSIAN
★ GERMAN
★ KOREAN
★ JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

WIG HOUSE
Before After Before After Before After Before After
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Non Surgical Hair Replacement
- Hair Weaving
- Hair Patch Servicing
- Clip in hair Extensions
- Tape in Hair
- Extensions
- Pre Bonded Hair Extensions
- Micro Bead Hair Extensions
- Wefted Boundles
- Closure
- Frontal
- 360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
- Cancer Patient Wigs
- Full Lace Wigs
- Front Lace Wigs
- Mono Silk Topper
Before After Before After
2nd Floor, Beside Novelty Shop, GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**